संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 226
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 18 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



लोहिया लॉ यूनिवर्सिटी दीक्षांत समारोह, योगी बोले

2017 से पहले था रूल ऑफ माफिया, हमने लागू किया 'रूल ऑफ लॉ'

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश श्रूल ऑफ माफियाश से मुक्त हुआ है और श्रूल ऑफ लॉश लागू हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कानून–व्यवस्था और निवेश को लेकर संदेह रहता था। माफिया से विकास बाधित था। सरकार ने कानून का शासन स्थापित कर प्रदेश की छवि बदली है। कोई व्यक्ति या पद संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि अन्याय सामने हो तो चुप रहना विकल्प नहीं है। फैसला इतिहास सुनाएगा, लेकिन बहस आपको करनी है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने मेधावियों को पदक दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 और 26 जनवरी 1950 के साथ 25 जून 1975 भी लोकतंत्र की महत्वपूर्ण तारीख है। आपातकाल ने 'रूल ऑफ लॉ' और 'रूलर ऑफ लॉ' का अंतर समझाया। न्यायमूर्ति एचआर खन्ना की असहमति का उल्लेख करते हुए कहा कि सिद्धांतों के पक्ष में लिया निर्णय इतिहास में स्थान बनाता है। युवा अधिवक्ताओं को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यायान्मा प्रमदःश को चौंबर की दीवार पर नहीं, हृदय में उतारें। सत्य और निरंतर अध्ययन अधिवक्ता के जीवन का आधार हो। डॉ. लोहिया के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधिवेत्ता में शिव जैसा मस्तिष्क, कृष्ण जैसा हृदय और राम जैसा वचन होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की परिकल्पना को मुकदमे के रूप में प्रस्तुत किया। कहा कि



140 करोड़ देशवासियों के इस दावे की पैरवी तथ्यों, साक्ष्यों और ईमानदारी से करनी होगी। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका होगी। प्रदेश को 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कार्ययोजना तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता काम आसान कर सकती है, लेकिन अंतिम निर्णय इंसान के विवेक से होना चाहिए। लापरवाह मसौदे से निर्दोष व्यक्ति को स्वतंत्रता गंवानी पड़ सकती है। डीपफेक और साइबर अपराधों ने साक्ष्यों की विश्वसनीयता की चुनौती पैदा की है। प्रदेश के 75 जिलों में साइबर थाने और 1,583 थानों में साइबर हेल्प डेस्क हैं। श्एआई प्रज्ञाश से 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने, जड़ों से जुड़े रहने और निरंतर अध्ययन की सीख दी। कहा कि गांवों में जमीन और पारिवारिक विवादों के समाधान में योगदान दें। गलत काम का दबाव आए तो सिद्धांतों से समझौता न करें।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि उपाधि मंजिल नहीं, नई यात्रा की शुरुआत है।

कानूनी पेशा कमजोर दिल वालों के लिए नहीं

लॉ के छात्रों से सीजेआई सूर्यकांत बोले– समाज के लिए भी काम करें

बंगलूरू (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कानून की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों से न्याय कायम रखने, स्वतंत्रता की रक्षा करने और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशे में साहस, ईमानदारी और उन लोगों की बात सुनने की क्षमता जरूरी है, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।

सीजेआई बंगलूरू में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, श्कानूनी शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसका उद्देश्य छात्रों को अलग–अलग विचारों और नजरियों को समझने तथा समाज की सेवा करने के लिए तैयार करना भी है।

सूर्यकांत ने छात्रों से कहा, मैं आपको केवल बधाई ही नहीं दे रहा हूं, बल्कि आपसे मुझे बहुत उम्मीदें भी हैं।ष उन्होंने

> कानूनी शिक्षा का उद्देश्य आपराधिक या संवैधानिक कानून के सिद्धांतों को सीखने तक सीमित नहीं है। इसका असली महत्व उन लोगों से मिलने और उनके नजरिये को समझने के अनुभव में है, जो दुनिया को हमसे अलग तरह से देखते हैं।
>
> *जस्टिस सूर्यकांत, सीजेआई*



कहा, ष्कानूनी शिक्षा का उद्देश्य आपराधिक या संवैधानिक कानून के सिद्धांतों को सीखने तक सीमित नहीं है। इसका असली महत्व उन लोगों से मिलने और उनके नजरिये को समझने के अनुभव में है, जो दुनिया को हमसे अलग तरह से देखते हैं।

कानूनी पेशे की जिम्मेदारियों पर जोर देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इसके लिए कानूनों और अदालती फैसलों की जानकारी होना ही पर्याप्त नहीं है। न्याय के पक्ष में खड़े होने का साहस और उन लोगों की चिंताओं को समझने की विनम्रता भी जरूरी है, जिनकी बातों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता।

उन्होंने कहा, ष्कानूनी पेशा कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। इसमें कानूनों और अदालती फैसलों की जानकारी के साथ न्याय की रक्षा करने का साहस और उन आवाजों को सुनने की विनम्रता भी चाहिए, जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।

सीजेआई ने कानून के नए स्नातकों को आगाह किया कि वे सुविधा के लिए अपने सिद्धांतों से समझौता न करें और पेशेवर जीवन में शॉर्टकट अपनाने से बचें। उन्होंने छात्रों से संस्थान में सीखे गए मूल्यों को अपने कामकाज का मार्गदर्शक बनाने की अपील की।

मोदी व शाह जानते हैं कि जिस दिन सत्ता हाथ से गई, उनकी मनमानी की कहानी खत्म : राहुल गांधी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्राओं और महिलाओं के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई बदसलूकी को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह जानते हैं कि सत्ता हाथ से जाते ही उनकी मनमानी



की कहानी खत्म हो जाएगी। गांधी ने कुछ लड़कियों के साथ बातचीत का एक वीडियो श्एक्सश पर साझा किया, जिसमें उन्होंने विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस पर उनके साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, यौन उत्पीड़न, कपड़े खींचना और निजी अंगों पर हमला, लोकतंत्र के लिए आवाज उठाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं के साथ दिल्ली पुलिस की बर्बरता शर्मनाक हदें पार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि यह कथित कार्रवाई आवाज दबाने की कोशिश का हिस्सा है और इसका उद्देश्य विरोध करने वालों को इतना डराना एवं अपमानित करना है कि वे दोबारा सवाल उठाने की हिम्मत न करें।

बच्चों के अश्लील कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

कमाई जब्त करने के निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी अश्लील सामग्री को रोकने में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की नाकामी पर सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने निर्देश दिया है कि ऐसी सामग्री को पेवॉल या पेड सब्सक्रिप्शन के जरिए भी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माने की व्यवस्था पर विचार करने और प्रतिबंधित सामग्री से होने वाली कमाई जब्त करने को लेकर भी निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2024 में निर्देश दिए जाने के बावजूद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने उनका ठीक से पालन नहीं किया। 15 अक्तूबर को दिए गए आदेश में पीठ ने कहा कि दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी इस



दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। शीर्ष अदालत ने बच्चों की सुरक्षा और उनके कल्याण को लेकर सामने आई हालिया खबरों पर भी गहरी चिंता जताई।

शीर्ष अदालत के फैसले के मुताबिक, किसी भी इंटरनेट मध्यस्थ को बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री या बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली दूसरी सामग्री को पेड सब्सक्रिप्शन के जरिए उपलब्ध कराने, अपलोड करने, प्रचारित करने या साझा करने की अनुमति नहीं होगी।

प्रतिबंधित सामग्री से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से कमाई करने वाले प्लेटफॉर्म की उस सामग्री से हुई कमाई जब्त कर वापस लेने की व्यवस्था करने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और उसके नियमों के तहत प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारियों का उल्लंघन करने पर भारी आर्थिक जुर्माना लगाने की व्यवस्था पर विचार करने को कहा है।

संविधान की रक्षा करें, मूल्यों से समझौता न करें

युवा वकीलों को सीएम डीके शिवकुमार ने क्या सलाह दी?

कोलकाता (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने युवा वकीलों से कहा है कि वे सवाल पूछना कभी बंद न करें, अपने मूल्यों से समझौता न करें और आम लोगों को कभी न भूलें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र वह नहीं है, जहां हर व्यक्ति सरकार की बात से सहमत हो, बल्कि वह है जहां नागरिकों को सरकार से सवाल



पूछने की आजादी मिले। शिवकुमार ने ये बातें शनिवार को बंगलूरू स्थित नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के 34वें दीक्षांत समारोह में कहीं। समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और अन्य न्यायाधीश मौजूद थे। शिवकुमार ने कानून की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों से लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और न्याय व्यवस्था की रक्षा करने की अपील की।

विरोध करने का अधिकार अब अपराध बन गया

केंद्र पर जमकर बरसे कपिल सिब्बल

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली के जंतर–मंतर को विरोध–प्रदर्शन की जगह के रूप में मान्यता खत्म करने पर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मोदी सरकार की आलोचना की है। सिब्बल ने शनिवार को कहा कि देश में हालात ऐसे हो गए हैं कि विरोध करना ही एक अपराध बन गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि लोगों के विरोध करने के अधिकार की रक्षा हो। निर्दलीय सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील ने कहा कि भारी बेरोजगारी, आर्थिक संकट और सार्वजनिक निवेश में कमी के कारण लोगों का सरकार से भरोसा उठ गया है।



उन्होंने कहा कि सरकार जितनी जल्दी सत्ता से हटेगी, देश के लिए उतना ही अच्छा होगा। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिब्बल ने कहा, श्हम आज ऐसी स्थिति में हैं जहां विरोध करना एक अपराध बन गया है। दूसरे शब्दों में कहें तो, विरोध करने का अधिकार अब एक अपराध बन गया है, जबकि हमारे देश में विरोध करना एक मौलिक अधिकार है। लेकिन अब यह मौलिक अधिकार नहीं रह गया है।

जंतर–मंतर को विरोध–प्रदर्शन की जगह के रूप में मान्यता खत्म करने के फैसले पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अब लोग रामलीला मैदान में विरोध कर सकते हैं, लेकिन वहां चल रहे दशहरा उत्सव के कारण वहां प्रदर्शन करना असंभव होगा। उन्होंने पूछा, श्जब मेरे पास विरोध–प्रदर्शन के लिए जंतर–मंतर जैसी जगह थी, तो मुझे रामलीला मैदान क्यों जाना पड़े? और आपने उस जगह को क्यों रद्द कर दिया?श सिब्बल ने आरोप लगाया कि जंतर–मंतर पर पहले हुए विरोध–प्रदर्शन के दौरान जो हिंसा हुई, वह बाहरी लोगों की वजह से हुई थी। उन्होंने दावा किया कि वहां बिना किसी स्पष्टीकरण के पत्थरों से भरा एक ट्रक लाया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ अज्ञात लोगों और सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हिंसा की। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को घसीटा गया, उन पर लाठीचार्ज किया गया और महिलाओं के साथ मारपीट की गई।

ड्रग्स मामले में विजय की पार्टी का नेता गिरफ्तार, स्टालिन ने कसा तंज, कहा

ब्रेकिंग बैड पार्टी बनी टीवीके

चेन्नई (एजेंसी)। डीएमके अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने शनिवार को सत्ताधारी टीवीके पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस नई बनी पार्टी को श्ब्रेकिंग बैड पार्टीश करार दिया, क्योंकि नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप पकड़े जाने के मामले में पार्टी के एक स्थानीय पदाधिकारी को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्टीवीके सिर्फ एक श्बुरी पार्टीश नहीं है, बल्कि एक ब्रेकिंग बैड पार्टी है।श उनके अनुसार, नागपट्टिनम जिले के टीवीके पदाधिकारी और किलवेलुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी भूपालन को केंद्र सरकार के डीआरआई अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, एक तरफ मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से नशीले पदार्थों को खत्म करने की बातें कर रहे हैं, वहीं शुरुआती जांच से पता चला है कि टीवीके का यह सदस्य 135 किलोग्राम मेथामफेटामाइन छिपाकर रखे हुए था। वह अपने करियर के चरम पर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

> एक तरफ मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से नशीले पदार्थों को खत्म करने की बातें कर रहे हैं, वहीं शुरुआती जांच से पता चला है कि टीवीके का यह सदस्य 135 किलोग्राम मेथामफेटामाइन छिपाकर रखे हुए था। वह अपने करियर के चरम पर रंगे हाथों पकड़ा गया है।
>
> *एमके स्टालिन, पूर्व मुख्यमंत्री, तमिलनाडु*



स्टालिन ने आगे यह सवाल उठाया कि कि क्या टीवीके नेता अपनी ही पार्टी के भीतर नशीले पदार्थों का एक बड़ा नेटवर्क चला रहे थे और साथ ही जनता को उपदेश दे रहे थे। जब एक ही छापेमारी में इतनी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं, तो अधिकारियों को यह पता लगाना चाहिए कि इसके पीछे और कौन–कौन लोग हैं और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करना चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया, श्राजनीति में आने के महज पांच महीने के भीतर ही बुरी पार्टी की पहचान बनाने वाली टीवीके अब ब्रेकिंग बैड पाटी के स्तर पर पहुंच गई है।

अभिजीत दीपके को बड़ी राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) की अदालत में पेश किया गया इसे बाद उन्हें सशर्त जमानत दे दी गई है। आप को बता दें कि इससे पहले ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा को शनिवार सुबह रिहा कर दिया था जबकि कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) की अदालत में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक कनॉट प्लेस में प्रस्तावित श्लहरा दो तिरंगाश मार्च से पहले दोनों को एहतियातन हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 65 के तहत हिरासत से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बोरा को रिहा कर दिया गया।

संपादकीय

मर्ज का वाजिब खर्च

अक्सर मरीजों द्वारा उपचार के दौरान मनमाने दाम वसूलने और कीमतों में पारदर्शिता के अभाव के आक्षेप लगाये जाते रहे हैं। ये केवल पांच सितारा अस्पतालों के संदर्भ में ही नहीं है, क्लिनिकों,सरकारी अस्पतालों में उपचार के दौरान उपचार खर्च में पारदर्शिता के अभाव का जिक्र होता है। जो अकसर कमजोर वर्गों व निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के लिये रोग से बड़ा सिरदर्द बन जाता है। इस समस्या के मद्देनजर ही केंद्र सरकार ने सभी राज्यों सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों और क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं के शुल्क प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। निस्संदेह, इसे सरकार की ओर से एक अधिक पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल व्यवस्था बनाने की दिशा में यह स्वागत योग्य कदम कहा जा सकता है। अकसर देखने में आता है कि इलाज के लिये आने वाले मरीजों को उपचार में होने वाले खर्च की स्पष्ट जानकारी नहीं होती। इसमें दो राय नहीं कि परामर्श शुल्क, जांच यानी डायग्नोस्टिक टेस्ट, इलाज की प्रक्रियाओं और अस्पताल में उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होने से मरीजों को सही फैसला लेने में मदद मिलेगी। साथ ही वे अचानक सामने आने वाले वित्तीय बोझ से बच सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मुख्य सचिवों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। दरअसल, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स(केंद्र सरकार) नियम 2012 के तहत अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिये यह अनिवार्य किया गया है कि वे अपनी सेवाओं और सुविधाओं के शुल्क को ऐसी जगह प्रदर्शित करें,जहां मरीज व उनके तिमारदार आसानी से देख सकें। सेवाओं व सुविधाओं की फीस अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में लिखी होनी चाहिए। हालांकि, इससे बचाव के को लेकर सरकारी व निजी अस्पतालों के संचालकों की दलील है कि उपचार की कीमतों की तय सीमा निर्धारित किए जाने से उपचार की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। दरअसल, कई प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिकों के संचालक इन निर्देशों को लागू करने के बाबत तमाम तरह के किंतु–परंतु गिनाते हैं। उनकी दलील है कि इन नियमों को लागू करने से उपचार की आर्थिक व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है। जिसके चलते उपचार की परिचालन लागत, बुनियादी ढांचे और क्लिनिकल विशेषज्ञता में अंतर को नजरअंदाज किया जा सकता है। निस्संदेह, इन चिंताओं पर विचार तो जरूर किया जाना चाहिए, लेकिन इन्हें कीमतों से जुड़ी जरूरी जानकारी छिपाने का बहाना नहीं बनाया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि एक अच्छी सुविधाओं वाले प्राइवेट अस्पताल और सरकारी अस्पताल की लागत संरचना में अंतर होना स्वाभाविक है। लेकिन फिर भी, मरीजों को इलाज के लिये सहमति देने से पहले यह जानने का अधिकार तो होना ही चाहिए कि उनकी जेब कितनी ढीली होने वाली है। इसके साथ ही देश में मेडिकल या आयुष वीजा पर आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मरीजों के लिये केंद्र सरकार का 'पैकेज रेट' पर जोर देना भी काफी महत्वपूर्ण है। जिससे विदेशी मरीजों से मनमाने चार्ज न वसूले जा सकें। देश में बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के विस्तार के लिये भी यह जरूरी है कि उपचार की लागत में पारदर्शिता बनी रहे। इससे देश की विश्वसनीयता भी बढ़ सकती है। निश्चित रूप से उपचार शुल्क में पारदर्शिता लाने से इससे जुड़े तमाम विवाद कम हो सकते हैं। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब नियमित निरीक्षण, शिकायत दर्ज करने की सहज–सुलभ व्यवस्था और नियमों का लगातार पालन न करने पर उचित दंड के जरिये इन निर्देशों को अमल में लाना चाहिए। सही सूचना देने में देरी, गलत जानकारी और कीमतों में अनिश्चितता मरीजों की परेशानी को और बढ़ा सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मरीजों को न केवल इलाज की सुविधा समय पर मिलनी चाहिए, बल्कि इलाज के खर्च के बारे में भी सही और भरोसेमंद जानकारी तो मिलनी ही चाहिए। यह हमारे चिकित्सा तंत्र में भरोसा बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

ग्रुप मेडिकल कवर से रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस तक का सफर : इन बातों को जानना है बेहद जरूरी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

नई दिल्ली।आजकल कई कंपनियां अपने कर्मचारियों को कर्मचारी लाभ पैकेज के तहत ग्रुप मेडिकल कवरेज (जीएमसी) प्रदान करती हैं. कंपनियां वेतन के साथ–साथ आपको जो अतिरिक्त लाभ पेश करती हैं, उनमें यह एक महत्त्वपूर्ण भाग बनकर उभरा है. जीएमसी पॉलिसी नौकरीपेशा लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुरक्षा तो देती है, लेकिन इसका कवरेज तब तक ही काम करता है जब तक कि आप उस कंपनी में काम करते हैं. यह बात साल 2020 में खास तौर पर सामने आई, जब भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने लॉकडाउन के बाद काम शुरू करने वाली कंपनियों के लिए कर्मचारियों को ग्रुप मेडिकल इंश्योरेंस देना अनिवार्य कर दिया. समय के साथ इसे लागू करने के नियम बेहद लचीले हो गए, लेकिन जीएमसी अब भी कर्मचारियों को मिलने वाला एक सामान्य लाभ है, जो कि नौकरी के दौरान ही मिलता है. क्या आपने कभी सोचा है कि अगली कंपनी आपको जीएमसी न पेश करे या सीमित कवर दे तो क्या होगा? अगर आप करियर में ब्रेक लेना चाहते हैं या फिर एक फ्रीलांसर के तौर पर काम करना चाहते हैं या कारोबारी बनना चाहते हैं, तो आप ये सब कैसे करेंगे? चिंता न करेंय आपके पास जीएमसी के तहत मिलने वाले हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज को इंडिविजुअल रिटेल हेल्थ पॉलिसी में ट्रांसफर करने का विकल्प होता हैय इसे शनिरंतर लाभश भी कहा जाता है. आइए देखते हैं कि यह कैसे काम करता है.

कैसे ट्रांसफर करें?

सबसे पहले, अगर आपकी जीएमसी पॉलिसी आपके आश्रितों को कवर करती है, तो आप फैमिली फ्लोटर प्लान में ट्रांसफर कर सकते हैं. अगर आपकी पॉलिसी केवल आपको कवर करती है, तो आप उसे इंडिविजुअल रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस प्लान में ट्रांसफर कर सकते हैं.

सबसे पहले जिस कंपनी ने आपको जीएमसी पेश किया है उन्हें सूचित करें और बताएं कि आप उसी इंश्योरेंस कंपनी में अपनी पॉलिसी को इंडिविजुअल प्लान में ट्रांसफर करना चाहते हैं. ट्रांसफर की प्रक्रिया आसान हो इसके लिए आपका ग्रुप कवर खत्म हो या इसे रिन्यू करने की तारीख आ जाए, उससे कम से कम 30 दिन पहले इंश्योरेंस कंपनी को अपनी इच्छा बताएं. इसके अलावा, उनके रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट के बारे में सारी जानकारी पढ़ लें, अपनी जरूरतों को समझें और इसके बाद अपने लिए एक ऐसा प्लान चुनें जो आपके लिए सर्वश्रेष्ठ हो. एक बार जब आप अपने लिए सर्वश्रेष्ठ प्लान चुन लें, तो इसके बाद अपनी इंश्योरेंस कंपनी को जरूरी डॉक्यूमेंट प्रदान करने कहें जैसे कि प्रपोजल, ट्रांसफर फॉर्म इत्यादि. अब फॉर्म अच्छी तरह से भर लें, अपनी मौजूदा जीएमसी पॉलिसी की सारी जानकारी अच्छी तरह से साझा करें, मेडिकल हिस्ट्री और क्लेम हिस्ट्री के बारे में भी बताएं. कुल मिलाकर, फॉर्म में जो भी चीजें भरने कही गई हैं, उन्हें भरें और अपनी इंश्योरेंस कंपनी के पास जमा कर दें. एक बार जब आपका फॉर्म जमा हो जाता है, तो इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी आपके फॉर्म की अच्छी तरह से जांच–पड़ताल करती है और फॉर्म स्वीकार करती है. अब आप नेट बैंकिंग, डेबिट या क्रेडिट कार्ड या यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकते हैं. इसके अलावा, हो सकता है कि कंपनी आपकी क्लेम हिस्ट्री या हेल्थ डिक्लरेशन के आधार पर कुछ बदलावध्संशोधन करने कहे. कंपनी ने जो भी पेशकश की है उसे अच्छी तरह से देखें और फिर आगे बढ़ें.

ट्रांसफर करने के क्या फायदे हैं?

ट्रांसफर करने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि अगर आपने जीएमसी में वेटिंग पीरियड पहले ही पूरी कर ली है, तो पहले से हुई बीमारी या रोग के वेटिंग पीरियड को रिटेल पॉलिसी में एडजस्ट (आमतौर पर आपकी पिछली इंश्योरेंस राशि और उस पर मिलने वाले संचयी बोनस तक) कर दिया जाता है. जैसे कि आप जो रिटेल पॉलिसी लेना चाहते हैं उसमें खास बीमारी के लिए 4 साल का वेटिंग पीरियड है और आपका जीएमसी कवर 3 साल का है. तो इस तरह के मामले में, जीएमसी में पूरे किए गए वर्षों का भी ख्याल रखा जाएगा. यानी आपको उस बीमारी (उपरोक्त बताई गई क्रेडिट सीमा के अधीन) के लिए केवल 1 वर्ष का वेटिंग पीरियड पूरा करने की जरूरत है. जीएमसी पॉलिसी का दूसरा फायदा यह है कि ये ऐसी लोगों के समूह को कवरेज देती है, जिनकी इंश्योरेंस की जरूरतें एक जैसी होती हैं. रिटेल पॉलिसी में ट्रांसफर करने से आपको अपनी जरूरत के मुताबिक कवरेज पाने का मौका मिलता है. जीएमसी में अक्सर विभिन्न बीमारियों के लिए सब–लिमिट्स होती हैं जैसे कि मोतियाबिंद और मातृत्व कवर. रिटेल पॉलिसी में ट्रांसफर करने से आपको उच्च इंश्योरेंस राशि चुनने की सुविधा मिलती है, जो कि आपकी जरूरतों के मुताबिक होती है. अंत में, आप अपनी पॉलिसी को रिटेल पॉलिसी में ट्रांसफर करके उसे अपनी जरूरत के मुताबिक बनाए रख सकते हैं, चाहे आप नौकरी बदलें या न बदलें.

इन बातों का खास ख्याल रखेंरू निरंतर लाभ के कई फायदे हैं. हालांकि ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू करने से पहले आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना होता है. आप अपनी जीएमसी पॉलिसी को रिटेल प्लान में उसी कंपनी के पास ट्रांसफर कर सकते हैं जहां से आपने जीएमसी पॉलिसी ली होती है. इसके अलावा, ट्रांसफर करना इंश्योरेंस कंपनी की जोखिम निर्धारण प्रक्रिया और दिशानिर्देशों पर निर्भर होता है. आमतौर पर जीएमसी पॉलिसी में मेडिकल चेकअप की जरूरत नहीं होती है, लेकिन अपनी पॉलिसी ट्रांसफर करते समय आपको एक सामान्य मेडिकल जांच करवानी पड़ सकती है. ज्यादातर लोग चाहते हैं कि ट्रांसफर के दौरान उनकी इंश्योरेंस राशि बढ़ जाए, ताकि उन्हें और बेहतर कवरेज मिले. हालांकि, इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि वेटिंग पीरियड का फायदा केवल जीएमसी की इंश्योरेंस राशि (और यदि कोई संचयी बोनस हो तो उसके साथ) पर ही लागू होगा. मानिए कि जीएमसी की इश्योरेंस राशि ध्3 लाख है और आप नई पॉलिसी में इंश्योरेंस राशि को ध्5 लाख तक बढ़ाना चाहते हैं. ऐसे में ध्3 लाख पर वेटिंग पीरियड का फायदा मिलेगाय लेकिन अतिरिक्त ध्2 लाख के लिए आपको वेटिंग पीरियड पूरा करने की जरूरत होगी. अंत में, यह देखना न भूलें कि आपकी नई पॉलिसी की क्या सीमाएं हैं और कौन सी चीजें इसमें अपवाद हैं. नई पॉलिसी के नियम और शर्तों को अच्छी तरह समझ लें, ताकि आपको यह स्पष्ट हो सके कि कवरेज कितना और इसकी क्या सीमाएं हैं. और सबसे जरूरी बात, अपनी पॉलिसी पर नजर बनाए रखें और इसे समय–समय पर रिन्यू करें, ताकि यह हमेशा चालू रहे.

अपनी जीएमसी पॉलिसी को रिटेल पॉलिसी में ट्रांसफर करना न केवल सुविधाजनक होता है, बल्कि इसमें आपको अपनी इच्छानुसार कवरेज और बेजोड़ फायदे भी मिलते हैं. उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए आप न केवल सूझबूझ भरा फैसला ले सकते हैं, बल्कि अपनी ट्रांसफर प्रक्रिया को भी बेहद आसान बना सकते हैं. अंत में, रिटेल पॉलिसी में ट्रांसफर करने से आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षा के साथ–साथ मेडिकल इमरजेंसी के दौरान एक मजबूत आर्थिक सुरक्षा भी मिलती है.

लेखक – श्री अमरनाथ सक्सेना, चीफ टेक्निकल ऑफिसर – कमर्शियल, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)

भारत की ताकत एकरूपता नहीं, विविधता है

प्रेरणा

हाल ही मैं अपने घर की दो महिलाओं के साथ घूमने के लिए मलेशिया गई थी। एक दिन निकले कहीं तो टैक्सी वाले ने सहजता से पूछारू किस मुल्क से आए हैं आप लोग? जैसे ही हमने कहा– इंडिया, वह खिल उठा–अच्छा, तो आप एसआरके के देश से आए हैं! इसके बाद तो उसने मुस्कुराते हुए अपनी बेबाक टिप्पणियों से ऐसे शब्द–बाण चलाए कि हममें से कोई उसका प्रतिकार नहीं कर सका। उसने बताया कि ट्वेल्थ फेल उसकी पसंदीदा फिल्म है और उसने एक चुभता हुआ सवाल भी दागा– श्क्या भारत में आज भी जातिवाद है? हिंदी फिल्मों में इसे देखकर दिल बैठ जाता है। टैक्सी में बैठी जेन–जी बेटी ने थोड़ा बचाव करते हुए कहा– जातिवाद है तो सही, पर शहरों में अब यह तेजी से खत्म हो रहा है। हम बड़े चुप ही रहे। ड्राइवर यहीं नहीं रुका, उसने भारत में महिला सुरक्षा और बलात्कार की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह बेहद दुखद और शर्मनाक है क्योंकि महिलाओं का तो सम्मान होना चाहिए। हम उसकी बात से इन्कार नहीं कर सकीं, पर बेटी फिर बचाव में उतरीरू लेकिन मुंबई बेहद सुरक्षित है! हमारे टैक्सी से उतरते–उतरते उसने कुछ ऐसा कहा कि हमने उसके सारे तीखे बोल भुला दिए, और हमारा दिल जीत लिया। उसने बेहद हैरान होकर कहा– लेकिन श्भारत का असली चमत्कार तो यह है कि इतनी भिन्नताओं, विविधताओं और अलग–अलग मजहबों के बावजूद वहां कभी कोई गृह युद्ध नहीं होता! एक विदेशी हमारे देश की ऐसी विशेषता को पहचानता भी है और इतनी समझदारी से बताता भी है, यह सुनकर हम सभी विस्मित भी रह गए और भारतीय होने के गर्व से भर भी गए। उस सामान्य–से टैक्सी वाले की यह कोई सामान्य–सी टिप्पणी नहीं है। हम भारतीय भी इसे गहराई से समझते नहीं हैं। यह हमारे देश की अद्भुत सामाजिक संरचना है कि जहां परस्पर विरोधी विचारधाराएं भी सह–अस्तित्व में रहती हैं। कई लोग इसे अनेकांतवाद भी कहते हैं लेकिन मुझको लगता है यह वाद से कहीं आगे की मनोभूमिका है। वाद तो सिद्धांत को दर्ज करते हैं, समाज जब उनको व्यवहार में उतारता है तब वह बहुत नया व गहरा बन जाता है। सत्य, अहिंसा और करुणा की त्रिवेणी से सुजला–सुफला की इस भूमि पर सद्भाव की अविरल धारा बहती रही है। विदेशी आक्रांता अपने साथ अपनी धार्मिक रूढ़ियां लेकर आए जरूर मगर हमारे समाज ने उन्हें भी अपने में समो लिया। वे भी हमारी साझा संस्कृति के हिस्से बन गए। उनका भारतीय संस्करण कुछ अलग ही तज ंसे तैयार हो गया। इतिहास में कई बार इस ताने–बाने पर खतरे मंडराए, लेकिन अनेकांतवाद के अदृश्य कवच ने भारत को हमेशा सुरक्षित रखा। इस्लाम और ईसाई धर्म के प्रवेश के साथ एक–दूसरे तरह की वैचारिक व व्यावहारिक चुनौती सामने आई। ये दोनों ही संगठित और एकेश्वरवादी धर्म थे। इनका मानना था कि केवल उनका ईश्वर और उनकी पद्धति ही सत्य है और उन्हें इस सत्य से सारी दुनिया को सहमत करवाना है। ऐसी कट्टरता से हमारा सामना पहली बार ही हुआ। लेकिन हमने देखा कि उनकी धार्मिक कट्टरता भारत की आध्यात्मिक ऊर्जा के सामने तरल होती गई और वक्त के साथ–साथ उनका भी भारतीयकरण होता गया। इन धर्मों का आक्रामक कट्टरपंथ धीमा पड़ता गया। गंगा–जमुनी तहजीब की एक नई लहर फैलती गई। इतिहास ने देखा कि भारत की मिट्टी में नफरत को मोहब्बत में बदलने का एक अनूठा रसायन सक्रिय रहता है। बीसवीं सदी में इसके समानांतर एक बार फिर हिंदू कट्टरपंथ उभरा, जिसका एकमात्र लक्ष्य हिंदू राष्ट्र की स्थापना था। स्वतंत्रता के समय जब त्रावणकोर को भारत से अलग संप्रभु राष्ट्र बनाने की आवाज उठी, तो आरएसएस और हिंदू महासभा ने इस मांग का समर्थन किया। हिंदुत्व की विचारधारा की ऐसी संकीर्ण व्याख्या ने हमारे भीतर नया विभेद पैदा कर दिया। यहां से जो जहर बना व फैला वही देश को विभाजन तक पहुंचा गया। विभाजन का विनाशकारी परिणाम और अमानवीय हिंसा इसी अतिवादी सोच की संतान थे। विखंडन वाला वही वैचारिक कुनबा आज अखंड भारत का खोखला नारा देकर जनता को भ्रमित करना चाहता है। अखंड भारत जैसी कल्पना का कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है। राजाओं ने अपने साम्राज्यों का विस्तार जहां तक किया हो, क्या उनसे कोई राष्ट्र निर्मित होता है? फिर तो कोई हिटलर उन सबको अखंड जर्मनी घोषित कर देगा जिसे उसने युद्ध के मैदान में हराया था। यह सब इतिहास को देखने की बीमार दृष्टि है।

जो शक भी पैदा करती है और विग्रह भी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत यही सब लेकर अभी–अभी विदेशी मंचों पर पहुंचे थे और बुरी तरह अस्वीकृत हो कर लौटे हैं। यह हम सबके सोचने व समझने की बात है कि भारतीय समाज के आंतरिक विभाजन को चौड़ा करने की तमाम साम्राज्यवादी कोशिशों और विषवमन के बावजूद 1947 में केवल दो हिस्सों में क्यों बंटा? मांग तो सिखों की भी थी, दक्षिण की भी थी, पूर्वोत्तर के राज्यों की भी थी। वैसी सारी प्रवृत्तियों को समझा कर, मना कर देश की राजनीतिक– भौगोलिक एकता को एकजुट करना कैसे संभव हुआ था? इसका पूरा श्रेय महात्मा गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को जाता है। गांधीजी ने आजादी की लड़ाई की रचना ऐसे की कि जाति, धर्म, भाषा, लिंग और आयु की दीवारें ढहती गईं और एक हिंदुस्तानी मन उभर कर सामने आने लगा। हर हिंदुस्तानी स्वतंत्रता संग्राम का सिपाही बनने लगा। उन्होंने पूरे देश को एक साथ मिलकर अन्याय के खिलाफ लड़ना और एक बहुसांस्कृतिक समाज में आपसी सद्भाव के साथ जीना सिखलाया। ऐसी ही कोशिश में उनका बलिदान भी हुआ।

चुनाव आयोग की विश्वसनीयता कैसे बहाल होगी

राजेश पांडेय

लम्बे समय बाद भारत में विपक्षी दलों को किसी एक मुद्दे पर एकजुट होते देखा गया है। 12 अक्टूबर को दिल्ली में कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, एसआईआर को रद्द करने की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट तक कूच किया। इसके बाद कूच में शामिल वरिष्ठ विपक्षी नेताओं ने देश की शीर्ष अदालत में दाखिल संयुक्त याचिका में ये मुद्दे उठाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सभी विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ही प्रोटेस्ट का हिस्सा हैं। यह अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के एक देश, एक चुनाव के मुद्दे का जवाब है। 2014 के बाद पहली बार विपक्ष को किसी एक मुद्दे पर पूरी ताकत से एक साथ आवाज उठाते देखा गया है। अब तक विपक्षी दल राज्यों में अपने हितों के हिसाब से अलग–अलग संघर्ष करते रहे हैं। चुनावों के समय स्थानीय स्तर पर गठबंधन हो जाते हैं। कई बार संसद में कुछ मुद्दों पर एकता नजर आती है। लेकिन इस मर्तबा चुनावों में धांधली के मुद्दे ने विपक्षी नेताओं को अपने मतभेद, महत्वाकांक्षा और अहंकार से परे हटकर साथ आने के लिए मजबूर किया है। विपक्ष को अहसास हो गया है कि यदि चुनाव आयोग के खिलाफ मिलकर अभियान नहीं चलाया गया तो उसका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए उसने मैदानी संघर्ष और कानूनी लड़ाई में साथ रहने का रणनीतिक फैसला लिया है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर संकट के बीच यह घटनाक्रम अच्छा संकेत है। चुनाव आयोग करोड़ों वोटरों का हक छीन रहा है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने निर्णायक हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं समझी थी। उसने बिहार में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि पूरी प्रक्रिया कानून की दृष्टि से जायज है। एसआईआर कानूनन जायज तो है लेकिन उसका तरीका गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने नहीं देखा कि जो काम एक–दो साल में होना चाहिए वह चुनाव से कुछ माह पहले जल्दबाजी में क्यों किया जा रहा है। अब यह मुद्दे जनता के दिल–दिमाग पर दस्तक देने लगे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी की मुहिम बताती है कि युवाओं का एक वर्ग भी चुनावों में धांधली के मुद्दे पर आंदोलित है। राजनीतिक दलों ने इसे और अधिक स्पष्ट और पैना बना दिया है। एसआईआर में धांधली के बारे में एक और खुलासा सामने आया है। चुनाव विश्लेषक प्रणव राय ने मई 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों पर एसआईआर के प्रभाव का विश्लेषण किया है। उसके अनुसार जिन 25 क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मतदाता हटाए गए हैं, उनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ वोट स्विंग 10.5 प्रतिशत हुआ है। जिन क्षेत्रों में सबसे कम वोटर बाहर हुए हैं, वहां तृणमूल के खिलाफ केवल 5.3 प्रतिशत वोट स्विंग रहा। पिछले चुनाव नतीजे बताते हैं कि तृणमूल को महिला और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा समर्थन मिलता रहा है। तृणमूल को महिलाओं के वोट भाजपा से 13 प्रतिशत ज्यादा मिले हैं। बंगाल में पुरुष और महिला वोटरों की संख्या लगभग बराबर है। लेकिन एसआईआर में महिलाओं के 62 प्रतिशत और पुरुषों के केवल 38 प्रतिशत वोट कम हुए हैं। राज्य में पिछले चुनावों में तृणमूल को मुसलमानों के 75प्रतिशत और भाजपा को 7–8प्रतिशत वोट मिले हैं। एसआईआर में गैर–मुसलमानों के मुकाबले मुसलमानों के 52प्रतिशत वोटर ज्यादा बाहर हुए हैं। यह विश्लेषण पूरी प्रक्रिया को संदेह के दायरे में खड़ा करता है। लगता है, जानबूझकर महिला और मुस्लिम वोटरों को बाहर किया गया है। दो चुनाव आयुक्तों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी से पर्दा हटाने के बाद आयोग ने कुछ सुधार किए हैं। दोनों आयुक्तों ने नए वोटरों को शामिल करने के फार्म 6 में अतिरिक्त घोषणा को गैरकानूनी बताया था। इसे पिछले दरवाजे से नागरिकता साबित करने की कार्रवाई मानी जा रही है। फार्म 7 के जरिये थोक में वोटरों को हटाने के मामले भी सामने आ रहे हैं। यह फार्म किसी वोटर का नाम हटाने या किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर आपत्ति जताने से संबंधित है। कई राज्यों में फार्म 7 के दुरुपयोग की शिकायतें आई हैं। उसके खिलाफ आंदोलन हुए हैं। 9 अक्टूबर को आयोग ने स्वीकार किया कि थोक में फार्म 7 दाखिल किए जाने से वोटरों को असुविधा हुई है। अब आयोग ने प्रति व्यक्ति यह फार्म जमा करने की संख्या दस तक सीमित कर दी है। एसआईआर शुरू होने के बाद कर्नाटक, उत्तराखंड, तेलंगाना और उड़ीसा में राजनीतिक दलों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर थोक में फार्म 7 जमा करने के आरोप लगाए थे। सितंबर में बीजू जनता दल ने उड़ीसा के मुख्य चुनाव अधिकारी के सामने मामला उठाया था। बूथ लेवल के कुछ अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। कि उनकी जानकारी के बिना उनके नाम से फार्म 7 दाखिल किए गए हैं। इसके बाद चुनाव आयोग ने एक अधिकारी को हटाया था। चुनाव आयोग की अनियमितताओं का सिलसिला अनंत है। उसने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सत्ताधारी दल और विपक्ष के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में ऐसे मामले हो चुके हैं। ज्ञानेश कुमार से पहले राजीव कुमार इन कारणों से विपक्ष के निशाने पर थे। राजीव कुमार अब देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी के चेयरमैन हैं। उनके कार्यकाल में सत्ता पक्ष के साथ नरमी बरतने के आरोप लगे थे। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के अभाव की शिकायतों के कई सबूत सामने आ चुके हैं। उसके सामने अपनी साख को बनाए रखने का संकट है। सरकार कहती है कि चुनाव आयोग स्वायत्त और स्वतंत्र है। वह बिना किसी हस्तक्षेप के काम करता है। लेकिन वह उसके बचाव में हमेशा आगे रहती है। इस बार चुनाव आयुक्त के इस्तीफे सहित अन्य मांगों पर उठे स्वरों को कुचलने में सरकार ने बहुत ज्यादा सख्ती बरती है। दिल्ली में प्रदर्शनकारी राजनीतिक कार्यकर्ताओं, वकीलों, पत्रकारों को हर जगह रोका गया।

हारिस खान ने नई दिल्ली एशियन यू-14 टेनिस टूर्नामेंट के युगल वर्ग में रजत पदक जीता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 09 अक्टूबर। संत जोसफ कॉलेज, प्रयागराज के कक्षा 8 के छात्र हारिस खान ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित एशियन टेनिस फेडरेशन अंडर–14 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए युगल वर्ग में रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता 03 से 09 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की गई। युगल वर्ग में हारिस ने राजस्थान के जयराज नयन के साथ जोड़ी बनाई। सेमीफाइनल मुकाबले में हारिस और जयराज की जोड़ी ने भारत के तपस्वी खत्री और सादिक मेहरा की जोड़ी को कड़े संघर्ष में 3–6, 6–3, 10–8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हारिस–जयराज की जोड़ी का सामना भारत के अर्जुन दुआ और जापान के ज्वीपदवेनाम न्दंउप से हुआ। फाइनल मुकाबले में उन्हें 6–4, 6–3 से हार का सामना करना पड़ा और उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया। एशियन स्तर पर यह हारिस की लगातार तीसरी बड़ी उपलब्धि है, जो उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है। हारिस की इस उपलब्धि पर उनके कोच असद इकबाल और सैफ इकबाल तथा उनके प्रायोजक इंडियन बुक पैलेस ने उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।



मंडलीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रयागराज की बालिकाओं का दबदबा

अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में जीता स्वर्ण पदक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 17 अक्टूबर। श्रीमती जानकी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, बिगहिया के मैदान पर आयोजित मंडलीय विद्यालयीय बालिका खो–खो प्रतियोगिता में प्रयागराज की टीम ने तीनों आयु वर्गों में खिताब जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कौशांबी की टीम तीनों वर्गों में उपविजेता रही।



अंडर–14 वर्ग में प्रयागराज ने कौशांबी को एक पारी और 13 अंकों से, अंडर–17 में एक पारी और आठ अंकों से तथा अंडर–19 वर्ग में एक पारी और 10 अंकों से हराया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृपाराम मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश खो–खो एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि नीलम राय और रामेश्वर प्रसाद यादव उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या उषा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। क्रीड़ा अध्यक्ष विनोद कुमार पटेल और कामिनी यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में सुनील कुमार ध्रुरिया, सुनील कुमार पटेल, राहुल कुमार गौतम, संदीप कुमार, संतोष कुमार, निलेश गौड़, जितेंद्र पटेल, शिवानी यादव और विनीता भारतीय ने निर्णायक की भूमिका निभाई। यह जानकारी आयोजन सचिव विनोद कुमार पटेल ने दी।

शिक्षा और खेल के समन्वय से विद्यार्थियों का होगा सर्वांगीण विकास

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 45 शिक्षकों व प्रतिभागियों को सम्मान, प्रो. जॉर्ज अब्राहम को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। राष्ट्रीय खेल उत्थान परिषद और कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. प्रभु कुमार पचौरी की 93वीं जयंती पर आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह–2026 का द्वितीय दिवस शैक्षणिक और तकनीकी सत्रों के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में शिक्षा और खेल के समन्वय से विद्यार्थियों के बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास पर विचार–विमर्श किया गया। प्रथम सत्र में वाईएमसीए चेन्नई के प्राचार्य प्रो. जॉर्ज अब्राहम मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता प्रो. एसपी वर्मा ने की। दूसरे सत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. डीसी लाल मुख्य वक्ता रहे, जबकि अध्यक्षता प्रो. सीएस चौबे ने की। सम्मेलन में देश–विदेश के प्रतिभागियों ने 200 से अधिक शोधपरक विचार एवं प्रस्तुतियां साझा कीं। समापन समारोह में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, शिक्षाविद और अन्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता कायस्थ पाठशाला न्यास एवं महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के महामंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील दत्त कौटिल्य ने की। प्रो. जॉर्ज अब्राहम को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार तथा 45 अन्य उत्कृष्ट शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. गीतांजलि मौर्य ने आभार जताया। सम्मेलन संयोजक प्रो. डॉ. पवन कुमार पचौरी ने आयोजन की सफलता पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। संचालन डॉ. आदेश कुमार वर्मा और प्रो. श्रद्धा तिवारी ने किया।



अन्नपूर्णा सिंह चन्देल की ऐतिहासिक जीत, बधाई देने वालों का सिलसिला जारी



प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में महिला उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अन्नपूर्णा सिंह चन्देल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने 4,055 मत प्राप्त कर महिला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर नया इतिहास बनाया। उनकी शानदार जीत के बाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं, शुभचिंतकों, समाजसेवियों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। जीत के पश्चात अन्नपूर्णा सिंह चन्देल को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। लोग उनसे मुलाकात कर उनकी जीत पर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। बधाई देने वालों ने कहा कि अन्नपूर्णा सिंह चन्देल की यह ऐतिहासिक जीत महिला अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ वह अधिवक्ता हितों और बार के कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। बधाई देने वालों में अधिवक्ता आसिफ हसन, सद्दाम हुसैन, पंकज पांडे, विष्णुरायण मिश 'बब्बू', शमीम खान, सलमान खान सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।



आरपीएफ ने 706 बच्चों को बचाया, 3.44 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद

`ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' और `ऑपरेशन नार्कोस' के तहत 15 अक्टूबर तक कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल परिसर एवं ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण प्रदान करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2026 में 15 अक्टूबर तक चलाए गए 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' और 'ऑपरेशन नार्कोस' के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इन अभियानों के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल ने एक ओर संकटग्रस्त बच्चों की सहायता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की, वहीं दूसरी ओर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, नरेश पाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को अपराधों की रोकथाम तथा रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में मादक पदार्थों एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए



राजकीय रेलवे पुलिस के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वहीं, महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे, श्री प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम में रेलवे सुरक्षा बल की सक्रिय एवं अग्रिम भूमिका पर निरंतर बल दिया जा रहा है। इन प्रयासों के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों की समय रहते पहचान करने तथा रेल परिसर में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत 706 बच्चों को मिला सुरक्षा एवं संरक्षण

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में अकेले, बिछड़े हुए अथवा सहायता की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित संरक्षण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2026 में 15 अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में कुल 706 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया। इनमें प्रयागराज मंडल में 450, झांसी मंडल में 189 तथा आगरा मंडल में 67 बच्चों को सहायता प्रदान की गई। यह अभियान बच्चों की सुरक्षा, उनके प्रति संवेदनशीलता तथा जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के प्रति रेलवे सुरक्षा बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ऑपरेशन नार्कोस' के तहत 3.44 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ बरामद

रेलवे परिसर एवं ट्रेनों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2026 में 15 अक्टूबर तक उत्तर मध्य रेलवे में इस अभियान के अंतर्गत कुल 45 मामले दर्ज किए गए तथा 3,44,63,415 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, जिनमें गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ शामिल हैं, बरामद किए गए।

मंडलवार आंकड़ों के अनुसार, प्रयागराज मंडल में 21 मामलों में 1,89,46,665 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ, झांसी मंडल में 13 मामलों में 79,70,300 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ तथा आगरा मंडल में 11 मामलों में 75,46,450 रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए।

उत्तर मध्य रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा, बच्चों के संरक्षण तथा रेल नेटवर्क के माध्यम से होने वाली अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सतत प्रयासरत है। इन अभियानों के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल न केवल रेल परिसर को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए जनहित एवं सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित कर रहा है।

इलाहाबाद-झांसी खंड में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा प्रयागराज। इलाहाबाद–झांसी खंडरू भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के समर्थन में एक सघन जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनील पटेल ने किया। अभियान के दौरान आदर्श इंटर कॉलेज घीनपुर, गंगाराम इंटर कॉलेज घीनपुर, सर्वोदय महाविद्यालय घीनपुर, सालिकराम सिंह इंटर कॉलेज छाताडीह, ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मातपुर और गंगापार प्रयागराज सहित विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों का दौरा किया गया। वहाँ सम्मानित शिक्षक बंधुओं से भेंट कर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की गई।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पासी, निमिष खत्री,पूर्व महामंत्री जयप्रकाश पटेल, ओमप्रकाश पटेल, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने शिक्षक साथियों से भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन में स्नातक मतदाताओं को प्रेरित करने का आग्रह किया। अभियान में शिक्षक शक्ति को भाजपा की शक्ति बताते हुए पहला मतदान भाजपा के नाम करने की अपील की गई।

संगीतबद्ध बांग्ला भाषा वेशभूषा में महालया– चंडी पाठ से माँ दुर्गा के आगमन के दिव्य संदेश– भक्ति रस से सरोवर हो उठा बाई का बाग दुर्गा पूजा पंडाल'

प्रयागराज की प्रतिष्ठित और प्राचीन धार्मिक परंपराओं में विशेष स्थान रखने वाली बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी में शताब्दी वर्ष के अवसर पर महालया आगोमनी चंडी पाठ के मंत्रों की गूंज ,शंखनाद की पवित्र ध्वनि और भक्तों की अटूट श्रद्धा के साथ

माँ भवानी के स्वागत में अधीर दिखा बाई का बाग का प्रांगण में।

जनसंपर्क अधिकारी ,पूजा संयोजक लालू मित्तल ने बताया कि सुबह भोर 4 बजे आयोजित सामूहिक चंडी पाठ से माँ दुर्गा के धरती पर आगमन की प्रतीक्षा में वातावरण भक्ति रस से साराबोर हो उठा। संगीतमय चंडी पाठ आव्हान से भक्तों की अटूट श्रद्धा के बीच ऐसा प्रतीत हो रहा था। मानो संपूर्ण सृष्टि ही मां भवानी के स्वागत में नतमस्तक हो गई। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। नर–नारियों ने एक साथ मां दुर्गा का आह्वान कर सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों, मोहल्लेवासियों के साथ कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सामूहिक चंडी पाठ में, सुरजीत बनर्जी, इरा बनर्जी, कल्याणी मुखर्जी, रुमझुम झूमर जैन, मेघना चटर्जी, झूमा गांगुली, कृतिका बनर्जी, नताशा चटर्जी जयदीप गांगुली, पारिजात चौधरी, आदित्य घोषाल, पार्थो सौमेंद्र, अनंत सिन्हा, अरुण गांगुली ,सुभाष मजूमदार अपन चक्रवर्ती, अरुण भटनागर, विनोद मिश्रा, बबलू के अलावा कमेटी के अध्यक्ष जयंत श्रीधर जोशी, कार्यवाहक अध्यक्ष टीपी मिश्रा, राजू द्विवेदी, सुब्रतो घोष, राजेश मलिक, प्रवीण जैन, उपाध्यक्ष जय मुखर्जी, विशाल कोहली, पीआरओ लालू मित्तल, मयंक शुक्ला, रत्नेश पांडे, सुनील सिंह, पवन शुक्ला, व्यवस्थापक अंकित सिंह, राजन यादव, जय अग्रवाल, अंकित मुखर्जी, अमरीश जैन, सचिन रावत, संदीप गुलाटी, मुदित सिंह, गौरव भार्गव, कन्हैया सिंह, तंदरा चक्रवर्ती,सुभाषरी कार्मोकर, अहाना भट्टाचार्या ,बबलू गांगुली, रामकृष्ण बनर्जी ,शुभेंदु रावत, बूढ़ो दादा आदि प्रमुख रहे।

अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सत्य, धर्म, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे ,मां भवानी की कृपा से समाज में प्रेम, सद्भाव, सुख–समृद्धि और सकारात्मकता का विस्तार हो, की मंगलकामना है।



परिश्रम, अनुशासन, लगन के साथ अध्ययन करते हुए जीवन में सफलता करें प्राप्त : इन्द्रजीत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में सत्र 2026 – 2027 के अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विद्यालय के विशाल सभागार में हर्षोल्लास के साथ आज किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वन्दना से हुआ। इस अवसर पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले तथा वन्दना एवं अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र – छात्राओं को शील्ड एवं स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र – छात्राओं में विधि श्रीवास्तव, पीहू मौर्य, अनवी, वात्सल, सम्मयक कश्यप, सुजोय कुन्दु, देवांश द्विवेदी, अच्युत मिश्रा, अमितेश त्रिपाठी, शिवाय राज सिंह, उर्जित तिवारी, पायल, परमार्थ, आयुष चौरसिया, काव्या श्रीवास्तव एवं कार्तिकेय गुप्ता शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रजीत त्रिपाठी ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम, अनुशासन एवं लगन के साथ अध्ययन करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख आचार्य श्रीमती सिंह अलका जितेन्द्र ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बन्धुओ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

अभिभावकों के संस्कार, बच्चों का परिश्रम है सफलता की नींव : डॉ. कृपा शंकर सिंह

गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल में 'प्राउड पेरेंट्स' समारोह संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित 'प्राउड पेरेंट्स' समारोह में विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक उपलब्धियों का उत्साहपूर्वक सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत को प्रोत्साहित करने



के साथ उनकी सफलता में अभिभावकों के सहयोग, संस्कार और निरंतर मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करना था। शैक्षणिक उत्कृष्टता, शत–प्रतिशत उपस्थिति तथा सीबीएसई कबड्डी नेशनल, जूडो, शूटिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, स्केटिंग, नृत्य और संगीत में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों को विशेष रूप से सराहा गया।

विद्यालय ने विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके योगदान का भी सम्मान किया। प्रबंधन ने कहा कि परिवार का प्रोत्साहन, अनुशासन और संस्कार बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों से ही विद्यार्थियों का शैक्षणिक, शारीरिक, रचनात्मक और नैतिक विकास संभव है। समारोह में चेयरमैन डॉ. कृपा शंकर सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस), निदेशक वीरेंद्र सिंह, सह निदेशक रितिज विक्रम सिंह, प्रधानाचार्या अमिता मिश्रा, संस्थापक प्रधानाचार्या अलका अग्रवाल, कार्यक्रम आयोजक डॉ. वंदना सिंह और एकेडमिक एडवाइजर डॉ. अनुराग सिंह सहित विद्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती कविता भार्गव ने संचालन किया।

रीवा राजमार्ग पर दरारों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, प्रशासन मौन

कई लोग हुए चोटिल, क्षेत्र वाशियो में आक्रोश

गौहनिया से मिश्राबांध तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने से हो रही परेशानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

गौहनिया (प्रयागराज)। रीवा हाईवे पर ग्राम पंचायत कांटी सड़वा के पास सड़क पर बनी दरारें राहगीरों के लिए बनी मुसीबत । दरारों के कारण बाइक और स्कूटी के पहिये फंसने से चालक अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं! पत्रकार वार्ता के दौरान क्षेत्र वासियों ने बताया की प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन बना देता है लेकिन उनके कानों तक जूँ नहीं रेंगती हैं। रात में स्ट्रीट लाइट नहीं जलने के कार सड़क की खराब स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। नैनी इलाके के निवासी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि वह कांटी में एक कंपनी काम देखते हैं।

जरूरी काम के सिलसिले में जारी बाजार गए थे। वहां से लौटते समय सड़वा नहर के पास दरार में फंसकर गिरने से घायल बाइक सदार ज्ञानेंद्र मिश्रा बांध पर सड़क पर बनी दरार अंधेरे में दिखाई नहीं दी दरार में फंसकर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े।इस हादसे में उनका हाथ टूट गया। उन्होंने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। स्थानीय निवासी अंबुज मिश्र ने बताया कि सड़क की दरार में बाइक का पहिया फंसने से एक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया था।उसके शरीर के कईहिस्सों में चोटें आई थी। सेमरी के ग्राम प्रशासक मनोज के मुताबिक,हाल ही में रात में एक अन्य बाइक सवार भी दरार में पहिया फंसने से गिरकर घायल हो गया था रीवा हाईवे पर प्रतिदिन हजारों छोटे–बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति और प्रकाश की कमी वाहन चालकों के लिए परेशानी बन रही है। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से क्षतिग्रस्त हिस्सों की जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

हाईटेंशन खंभे पर चढ़े युवक को रात 1:30 बजे पुलिस ने उतारा

सुरक्षित नीचे उतारकर परिजनों को सौंपा, लालगंज कोतवाली में दर्ज था मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़े युवक को संग्रामगढ़ पुलिस ने रात करीब 1रू30 बजे सुरक्षित नीचे उतार लिया। थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के अनुसार, युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही थी। नीचे उतारने पर उसके पास से चुनरी, चाकू, बेल्ट और सिंदूर मिलने की जानकारी दी गई। बताया गया कि युवक के खिलाफ लालगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। मामले की जानकारी के बाद थाना प्रभारी ने परिजनों को बुलाकर युवक को उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई की। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी।

सांसद प्रमोद तिवारी ने सुनीं जनसमस्याएं, पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा

संग्रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पर अधिकारियों को फोन कर दिए निस्तारण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान दुर्गा पूजा पंडालों में



दर्शन–पूजन किया। इसके बाद संग्रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सांसद ने मारपीट में घायल होने के बाद प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ने वाले संग्रामगढ़ निवासी मनोज कुमार सोनकर के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पिता श्रीचंद्र सोनकर, पत्नी और अन्य परिजनों से घटना की जानकारी लेकर संवेदना व्यक्त की। सांसद ने परिवार को आर्थिक सहायता एवं अन्य जरूरी मदद उपलब्ध कराई और आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रयास करने का भरोसा दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष कुमार उपाध्याय, बदलू पटेल, आलोक कुमार पटेल, संतोष कुमार मौर्य, शैलेश निर्मल, भारत लाल मिश्रा, अजय कुमार तिवारी समेत अनेक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। शनिवार को जिलाधिकारी प्रतापगढ़ अभिषेक पाण्डेय आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ राम मोहन मीणा आईएएस व जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा पीईएस के आदेशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह व राघवेंद्र शुक्ला के संयोजन में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान(01.10.2026 से 31.10.2026 तक) के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व पीटीए अध्यक्ष श्री केदार नाथ सिंह, अनिल कुमार,प्रवीण कुमार सिंह, रंजना वर्मा,अनुज कुमार व शुभम शुक्ला के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसी प्रकार जेजे इंटर कालेज ढिंगवस प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में, शीतला प्रसाद इंटर कालेज गड़वारा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य त्रिलोचन शुक्ला के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य प्रशस्त त्रिपाठी के निर्देशन में, कालिका सिंह इंटर कालेज मोहनगंज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य पारस नाथ गुप्ता के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने ऊषा इंटरप्राइजेज का किया उद्घाटन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। नई तहसील चौराहे के पास ऊषा इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर शोरूम का भव्य उद्घाटन पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और व्यापारी मौजूद रहे। शोरूम की संचालक ऊषा सिंह और बलजीत सिंह ने बताया कि प्रतिष्ठान में फ्रिज, एसी, कूलर, एलईडी टीवी, पंखे सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ आधुनिक फर्नीचर भी उचित कीमतों पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उत्पादों की विस्तृत रेंज रखी गई है। संचालकों के अनुसार, शादी के सीजन को देखते हुए बेटियों की शादी के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर खरीदने वाले ग्राहकों को विशेष छूट दी जाएगी। उद्घाटन समारोह में अंकित सिंह, अखिलेश सिंह चौहान, आशीष, रोहित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला कारागार में 100 बंदियों का नेत्र परीक्षण, 22 अक्टूबर को मिलेंगे निःशुल्क चश्मे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, जगदंबा आई क्लीनिक और डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला कारागार में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक कुमार अग्निहोत्री ने 100 महिला और पुरुष बंदियों की आंखों की जांच की। डॉ. अनुराग ने बताया कि सभी जरूरतमंद बंदियों को 22 अक्टूबर को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। जेल अधीक्षक नागेश सिंह ने संस्थाओं के सेवा कार्यों की सराहना की। वहीं, रेडक्रास भवन में डॉ. अनुराग ने दो नए क्षय रोगियों अंजली और सुरेंद्र को गोद लेकर पोषण सामग्री वितरित की।

सर सैयद के ख्वाबों की ताबीर पेश कर रहा ब्रिलियंट ओरियंटल स्कूल

सीबीएसई से मान्यता मिलने पर मनाया सर सैयद डे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। रामगंज पक्का तालाब स्थित ब्रिलियंट ओरियंटल हायर सेकेंड्री स्कूल में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां का जन्मदिवस सर सैयद डे के रूप में मनाया गया। इस दौरान विद्यालय को सीबीएसई से मान्यता मिलने पर खुशी जताई गई। विद्यार्थियों ने 'यह मेरा चमन है, मेरा चमन' तराना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम में झांसी से आईं गुलअफ्शा जबीं ने सर सैयद के शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक शिक्षा को समाज की तरक्की का आधार माना। डायरेक्टर कृष्णा उप्पल ने उन्हें दूरदर्शी शिक्षाविद् बताया। प्रिंसिपल सैयद फजलुर्रहमान बाकरी ने कहा कि सीबीएसई की मान्यता मिलने से विद्यालय की जिम्मेदारी बढ़ गई है और अब शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एकेडमिक



इंचार्ज अफजल अहमद ने विद्यार्थियों को एएमयू सहित प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन सैयद वासिफ हुसैन ने कहा कि विद्यालय की सफलता सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में खदीजा, मुनीबा और जकिया मदनी ने भी विचार रखे। संचालन सैयद ताहिर हसन ने किया। इस मौके पर आसिफ हुसैन, वकील अहमद, अरशद अंसारी, मेराज सैफी, जायर रिजवी, ताहिर हुसैन, मुफ्ती वसीम, सूफिया, शबनम, मोहसिन, फरहीन एजाज, इरम नकवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मीडिया टीम में तहजीब, फातिमा, अलविना और खुशी शामिल रहीं।

प्रदेशीय कबड्डी प्रतियोगिता में नेहा ने बढ़ाया जनपद का मान

अंडर–14 बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल करने पर सर्वोदय इंटर कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। गोरखपुर में आयोजित 70वीं प्रदेश स्तरीय विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में सर्वोदय इंटर कॉलेज, असोथर की छात्रा नेहा ने अंडर–14 बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। शनिवार को विद्यालय पहुंचने पर छात्रा का फूल–मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया। उसकी सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने नेहा को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से



अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। नेहा ने प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रतियोगिता की तैयारी में कोच आलोक का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास से नेहा ने यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद का गौरव बढ़ाएगी। नेहा की सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र–छात्राओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

एनएचएआई की चित्रकला प्रतियोगिता में सना आफरीन और काजल ने मारी बाजी

स्वच्छता अभियान के तहत 110 छात्राओं ने लिया हिस्सा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रेमनगरध्फतेहपुर। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से स्वच्छता अभियान के तहत गणेश शंकर बालिका इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर घोष में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 110 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा सना आफरीन और कक्षा 10 की छात्रा काजल देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की अंकिता ठाकुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा नौ की शिवानी, कक्षा 11 की



अंजली मौर्य तथा कक्षा 12 की जानकी देवी और शाहीन बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर राजस्थान सरकार से राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ सीएसआर मैनेजर फिरोज खान ने बताया कि एनएचएआई और त्रिवेणी संगम हाईवेज की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ भारत का संदेश जन–जन तक पहुंचाना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या नसरीन सिद्दीकी ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राएं पढ़ाई के साथ–साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्राएं भविष्य में भी अपनी मेहनत और प्रतिभा से विद्यालय का नाम रोशन करती रहेंगी। प्रतियोगिता में छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर अमित मौर्य, महेश प्रताप पांडेय, संतलाल, राजेश सिंह, शहजादुल हक, खेमकरत सिंह, अजय कुमार तिवारी, मधु चौधरी, कोमल श्रीवास्तव, रीतू वाल, शिव सिंह और ननकू सिंह सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

23 अक्टूबर को सुबह आठ से शाम चार बजे तक होगा मतदान, डीएम ने मतदाता सूची विशेष अभियान का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। इसके लिए 17 अक्टूबर को विकास भवन सभागार में मतदान कार्मिकों, माइक्रो ऑब्जर्वर और सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। मतदान पार्टियों की रवानगी 22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी मैदान से होगी।

वहीं, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी ने फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के बहुआ इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 415 से 421 और अयाहशाह विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक



विद्यालय शाह स्थित बूथ संख्या 150 से 154 का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बीएलओ उपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची और फार्मों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और बीएलओ को अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आ सकें।

स्नातक एमएलसी चुनाव में पार्टी विचार और संगठन की मजबूती विजय का आधार : धर्मपाल सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर शनिवार को शहर के रामाडियन होटल में भारतीय जनता पार्टी की योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश



महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों और स्नातक संयोजकों के साथ चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। प्रत्येक बूथ पर योजना बनाकर मतदाताओं से संपर्क और संवाद स्थापित किया जाए। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं, जिला संयोजक एमएलसी चुनाव उदय लोधी ने जिले की चुनावी संगठनात्मक संरचना प्रस्तुत की। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी शंकर लाल लोधी, प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल, जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री, राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, विधायक राजेंद्र पटेल व विकास गुप्ता, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेट परीक्षा केंद्रों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

25 अक्टूबर से शुरू होगी परीक्षा, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पेट) को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक



अभिमन्यु मांगलिक ने शनिवार को बहुआ स्थित तीन प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय और बहुआ इंटर कॉलेज में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कक्षों में फर्नीचर, प्रकाश, पंखे, शौचालय, पेयजल और सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता जांची गई। डीएम ने साफ–सफाई सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के प्रवेश–निकास, क्लॉक रूम और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा नियमानुसार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संपन्न कराई जाए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय अस्ति में बालिकाओं ने संभाली प्रधानाध्यापिका और डीएम की भूमिका

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मिशन शक्ति फेज–6 के तहत प्राथमिक विद्यालय अस्ति में बालिका नेतृत्व, आत्मविश्वास विकास और करियर मार्गदर्शन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें राहेमीन ने प्रधानाध्यापिका और सोनाक्षी ने जिलाधिकारी की भूमिका निभाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ नुक्कड़ नाटक, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, माहवारी स्वच्छता, महिला अधिकारियों से संवाद, बाल विवाह के प्रति जागरूकता और जेंडर स्टीरियोटाइप जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। डांडिया प्रतियोगिता में फिजा, आसन, पूजा, अंशिका, मारिया, खातून, शादी, जैनब और सानिया सहित अन्य छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशिया फारुकी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें भविष्य में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर देश का नाम रोशन कर सकें।

सुल्तानपुर घोष थाने में पिंक समाधान दिवस, दो का निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रेमनगर/फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना परिसर में शनिवार को मिशन शक्ति के तहत पिंक समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें मिशन शक्ति प्रभारी एरिश पटेल ने महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। इस दौरान दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पुलिस ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों को प्राथमिकता से सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को अपनी समस्याएं बिना किसी झिझक के पुलिस के सामने रखने के लिए सहज मंच उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करना रहा। इस मौके पर हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश पांडेय, महिला आरक्षी डाली, प्रज्ञा और रागिनी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय,अभय त्रिपाठी)। विकास खंड पहाड़ी के पड़री स्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंद्रेश प्रताप सिंह के आवास पर शनिवार को पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री सोहनलाल श्रीमाली का भव्य स्वागत किया गया। तीसरी बार आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार मौर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गाजे–बाजे और फूल–मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके बाद प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ब्यास बिंद के आवास पर भी स्वागत समारोह आयोजित कर राज्यमंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यमंत्री सोहनलाल श्रीमाली ने कार्यकर्ताओं से आगामी वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य पद के भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह तथा शिक्षक विधान परिषद सदस्य पद के प्रत्याशी डॉ. प्रमोद मिश्र को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसंपर्क करने का आह्वान किया। स्वागत समारोह में ग्राम प्रधान ब्यास जी बिंद, रामदेव सरोज, शिवबाबा सिंह, मंटू चौबे, मंगला राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर, कृष्ण कुमार अग्रहरी, सिद्धार्थ सिंह, शिवहरि अग्रहरी, संजय मौर्य और आशीष दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनपद के तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय अभय त्रिपाठी)। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 63 प्रार्थना पत्रों में मौके पर 10 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पैमाइश अथवा कब्जा दिलाने के प्रकरणों में राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुए दोनो पक्षों की उपस्थिति में उनकी प्रकरण को गम्भीरता से सुनते हुए पीड़ित फरियादी को न्याय दिलाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि एक ही शिकायत के निस्तारण के लिए बार–बार फरियादी को तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक शासन स्तर से सीधे शिकायतकर्ता के दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है, अतएव अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दे। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल के समक्ष प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण, तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 विजेता के समक्ष प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण एवं तहसील चुनार में उप जिलाधिकारी चुनार के समक्ष प्राप्त 111 प्रार्थना पत्रों में से 09 का निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, तहसीलदार सदर दीक्षा पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं, बहोरनपुर में सेवा संस्थान की पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से श्री नित्य निकुंज रस सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से बहोरनपुर में निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई एवं बुनाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कन्या पूजन के साथ 'सेवा ही साधना रू मानवता से राघव तक' पुस्तक का लोकार्पण भी हुआ। संस्थान के अध्यक्ष आचार्य श्री नित्यानन्द पाण्डेय महाराज ने कहा कि कौशल विकास महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण के जरिए महिलाएं हुनर सीखकर स्वरोजगार अपना सकेंगी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान देंगी। उन्होंने बताया कि संस्थान गोसेवा, संतसेवा, जरूरतमंदों की सहायता और कन्या कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि कन्हैया कुमार वर्मा तथा पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संगठन मंत्री एवं सचिव कृष्णानन्द पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। आचार्य नित्यानन्द पाण्डेय महाराज ने समाज के लोगों से महिला सशक्तीकरण अभियान में सहयोग की अपील की।



उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता (टीएमसी) लाइन झाँसी निम्नलिखित कार्य के ऑन लाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना सं०	कार्य का नाम
JHS-TMC-08-2026	ऑपरेशन एण्ड मेंटिनेंस कॉन्ट्रेक्ट ऑफ मशीन एसआरजीएम आईआर–20–02 (SRGM-IR-20-02) फॉर टू ईयर्स

अनुमानित लागत (Rs.)	धरोहर राशि (Rs.)	निविदा बन्द होने की तिथि	कार्य समापन अवधि
6,79,68,000.00	13,59,400.00	06.11.2026	24 माह

निविदा उनके सामने दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक ऑन लाइन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। 2371/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर सूचना संख्याः वि0/ग0श0ए्0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/74 दिनांकः 16.10.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/उ0म0रे0/प्रयागराजए द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा सं0: वि0-ग0श0ए्0-कार्य ठेका-84-2026	कार्य अवधिः 12 महीना
कार्य का विवरणः प्रयागराज मण्डल में शिकोहाबाद स्टेशन पर मौजूदा गुड्स शेड के अपग्रेडेशन के कारण कारण 25 के0वी0 ओ0 एच0ई0 में संशोधन का कार्य।	
अनुमानित लागतः ₹ 6553017.29	बिड सुरक्षा राशिः ₹ 131100.00
बोली प्रणालीः एक पैकेट	निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 09.11.2026, 14:00 बजे
निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 09.11.2026, 15:00 बजे	

नोटः 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2384/26(AK)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

वेतन नीति से कर्मचारियों को मिलेगा बड़ा फायदा, वेतन वृद्धि के साथ ही होंगे अन्य कई लाभ

एनएचएम संविदा कर्मचारियों का धरना समाप्त, काम पर लौटे कर्मचारी और सौंपी औपचारिक सूचना

डॉ०रईस अहमद उस्मानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी 17 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले लखनऊ इको गार्डन में चल रहा एनएचएम संविदा कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रमुख सचिव एवं मिशन निदेशक के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद समाप्त हो गया है, जिसके उपरांत कर्मचारी अपने–अपने तैनाती स्थलों पर काम पर लौट आए हैं और संबंधित अधिकारियों को इसकी औपचारिक सूचना सौंप दी गई है।

संरक्षक संजय राय, जिला अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव व महामंत्री देवेंद्र पांडे ने अपने साझा बयान में बताया कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले जनपद के संविदा कर्मचारी लखनऊ इको गार्डन में अपनी विभिन्न मांगों को



लेकर धरने पर बैठे थे। शासन स्तर पर प्रमुख सचिव एवं मिशन निदेशक के साथ हुई बैठकों में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति बनने के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को इस जीत के लिए सभी एनएचएम कर्मचारियों की ओर से बधाई भी दी है। प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर व महामंत्री आदित्य भारती का विशेष आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ने जनपद के सभी संविदा कर्मचारियों को धरने में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए भी धन्यवाद दिया है।

बयान में उन्होंने बताया कि ध्वार्ता के दौरान वेतन नीति समिति के गठन, स्पेशल लीव, एचआरए, ईपीएफ, ग्रेच्युटी, ईएसआईसी, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और आउटसोर्स कर्मियों के समायोजन समेत कुल 13 प्रमुख बिंदुओं पर शासन द्वारा लिखित रूप में सहमति एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इन समझौतों के आधार पर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर धरना समाप्त कर दिया गया।

धरना समाप्ति के बाद जनपद के सभी एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने अपने–अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को औपचारिक सूचना दी है। कर्मचारियों के पुनः नियमित ड्यूटी पर लौटने से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन पूरी तरह सुचारु हो गया है, जिससे मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं फिर से पटरी पर आ गई हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने को बूथों पर जुटा प्रशासन, डीएम ने परखी अभियान की रफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 17 अक्टूबर। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने–अपने बूथों पर मौजूद रहे और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर उपलब्ध कराया।

अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने गोला गोकर्णनाथ स्थित पब्लिक



इंटर कॉलेज में स्थापित बूथ संख्या 238 से 243 तक का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ रीता देवी, सुनीता देवी, शारिका रानी, अमित वर्मा, नसरीन खातून और चंद्रशेखर से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म–6 की स्थिति भी जानी और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। डीएम ने बीएलओ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें पूरे मनोयोग और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य केवल फॉर्म भरवाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार गोला सहित संबंधित सुपरवाइजर और राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर विशेष कैंपों की निगरानी करते रहे और बीएलओ का उत्साह बढ़ाया।

पात्र नागरिकों से पंजीकरण की अपील

प्रशासन का जोर है कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिक और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म–6 भरकर अपना पंजीकरण कराएं। मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की पहली और जरूरी सीढ़ी है।

स्कूली छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई

सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल इसकी देखरेख कर रहे हैं। ऊंज थाने पर थाना प्रभारी ने प्राथमिक विद्यालय ऊंज की छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र के काम करने के तरीके बताए। महिला आरक्षी आकांक्षा सिंह भी इस दौरान मौजूद थीं। चौरी थाने की एंटी रोमियो टीम के हेड कांस्टेबल प्रेम प्रकाश दुबे और महिला कांस्टेबल नीतू गिरी ने गोडापार में महिलाओं की चौपाल लगाकर उन्हें सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइनों के बारे में जागरूक किया। सार्वजनिक जगहों, बाजारों और शिक्षण संस्थानों के पास महिलाओं व लड़कियों से संवाद कर उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हें आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने को कहा गया।

इस मौके पर 1090, 112, 181, 1076, 1098 और 1930 नंबरों की जानकारी दी गई और जागरूकता पंपलेट बांटे गए। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षित माहौल देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

भारत विकास परिषद समृद्धि शाखा की समूहगान प्रतियोगिता में आर्य एकेडमी स्कूल का लता मंगेशकर दल प्रथम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। भारत विकास परिषद समृद्धि शाखा की ओर से शुक्रवार को जीसी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग नई मंडी में समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिंदी और संस्कृत समूहगान प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में आर्य एकेडमी स्कूल के लता मंगेशकर दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में जीसी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के सरोजनी नायडू दल ने द्वितीय तथा आरएसडी पब्लिक स्कूल के रानी पद्मावती दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।तीनों दलों ने अनुशासित और प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने समूहगान के साथ वाद्य यंत्र भी स्वयं बजाए।विजेता लता मंगेशकर दल आगामी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में समृद्धि शाखा का प्रतिनिधित्व करेगा।निर्णायक मंडल में जीआईसी कॉलेज की संगीत प्रवक्ता पूनम,वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज की संगीत प्रवक्ता शैली रंजन और भारत विकास परिषद हस्तिनापुर प्रांत के प्रांतीय पर्यवेक्षक मोहित संगल शामिल रहे। निर्धारित मानकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी समूहगान मोहित संगल का स्वागत किया गया।शाखा की ओर से निर्णायक मंडल के सदस्यों और विद्यालयों के संगीत शिक्षकों को पटका पहनाकर तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में जीसी पब्लिक स्कूल के प्रबंधन और स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का संचालन पंकज बंसल और शरद ऐरन ने किया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विवेक वर्मा,सचिव प्रदीप गर्ग,अजय गुप्ता, पंकज बंसल,शरद ऐरन और पारुल गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।अंत में विवेक वर्मा ने अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया।



दुर्घटना के बाद हर मिनट अनमोल, समय पर उपचार से बच सकती है जान : डॉ. वाणी गुप्ता

लखीमपुर खीरी में ट्रॉमा मैनेजमेंट पर संगोष्ठी, विशेषज्ञों ने गोल्डन आवर के महत्व को बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 17 अक्टूबर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ट्रॉमा मैनेजमेंट पर शैक्षणिक संगोष्ठी आयोजित की गई। प्राध्याचार्या प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने कहा कि दुर्घटना के बाद का प्रत्येक मिनट अनमोल होता है। समय पर सही उपचार से मरीज की जान बचाने के साथ स्थायी दिव्यांगता से भी बचाया जा सकता है। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने आघात प्रबंधन, दुर्घटना की रोकथाम, आपातकालीन उपचार और सिर की चोटों के प्रबंधन पर जानकारी दी। डॉ. आरके कोली ने दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट यानी गोल्डन आवर के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. प्रेम राज सिंह ने हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया।

भरत मिलाप पर परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने महाअष्टमी और महानवमी का अवकाश घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे सराहनीय कदम बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही सनत कुमार सिंह ने जिलाधिकारी वाराणसी से नाटी इमली के विश्वप्रसिद्ध भरत मिलाप की निर्धारित तिथि पर जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भरत मिलाप काशी की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन में शामिल होने पहुंचते हैं। ऐसे में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा के साथ जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की, ताकि लोग इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन में सुविधापूर्वक शामिल हो सकें।

गोपीगंज में दुर्गा प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, पूजन शुरू

पूर्व विधायक उदयभान सिंह के बेटे आशीष सिंह ने की आरती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर शनिवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। वहीं, नगर और ग्रामीण इलाकों में



बनाए गए पूजन पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही दर्शन और पूजन का क्रम शुरू हो गया। गोपीगंज के काली मोहाल में मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति शिवम क्लब ने प्रतिमा स्थापित की। पुरोहित शशिकला पाठक और विनय पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। पूर्व विधायक उदयभान सिंह के बेटे आशीष कुमार सिंह ने मुख्य यजमान के तौर पर विधि–विधान से पूजन और आरती की। उन्होंने कहा कि त्योहारों की परंपरा को बनाए रखना समय की मांग है। आशीष सिंह ने व्यवस्थापक रामकृष्ण खट्टू के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर रामकृष्ण खट्टू, नरऊरी गुरु, सुरेश तिवारी, मोहित बाबू, राजकुमार कौशल, विजय मोदनवाल, डब्लू मौर्य, मनीष मौर्य, दीपक प्रजापति, महेश गुप्ता (पंडा), धीरज सिंह, मंटू सिंह और मिट्ठू जायसवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

ज्ञानपुर में 11 बालिकाओं का कन्या पूजन, डीएम ने भेंट किए उपहार

मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा व सम्मान का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति अभियान के तहत तहसील ज्ञानपुर परिसर में डीएम शैलेष कुमार ने 11 बालिकाओं का कन्या पूजन किया। उन्होंने बालिकाओं को तिलक लगाकर चुनरी, फल, मिठाई, शैक्षिक सामग्री और उपहार भेंट किए। डीएम ने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं। उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिला एवं बालिका कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत जनपद में अब तक 20,307 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। डीएम ने अधिकारियों को पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और छात्राएं मौजूद रहीं।



बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही पुलिस ने बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक यौन सामग्री के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे गोपीगंज रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक सैमसंग एंड्रॉयड मोबाइल फोन मिला है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर गोपीगंज थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फैयाज अली (20) निवासी ज्ञानपुर रोड, गोपीगंज, भदोही के रूप में हुई है। पूछताछ में फैयाज ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलने पर वह ट्रेन पकड़कर भागने की कोशिश कर रहा था। उसके मोबाइल फोन की जांच में बच्चों से जुड़ी आपत्तिजनक यौन सामग्री मिली है। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 417/2026, धारा 67बी आईटी एक्ट, धारा 15 पॉक्सो एक्ट, 295 बीएनएस और धारा 13/14 पॉक्सो एक्ट के तहत की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

अधर्म, अत्याचार व आतंक का अंत न्याय, शांति एवं निर्भय समाज की स्थापना का आधार-योगी

सीएम ने की मां कालरात्रि के स्वरूप की आराधना
अर्थशक्ति बनकर उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति दे रही है नारी शक्ति
2016 के 65 मिनट से घटकर मात्र 5 मिनट हुआ पुलिस रिस्पॉन्स टाइम-सीएम

लखनऊ17 अक्टूबर 2026 (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि के स्वरूप की आराधना की। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि दुष्टों, असुरों और रक्तबीज जैसी तामसिक शक्तियों का संहार कर धर्म की स्थापना एवं भक्तों को अभय प्रदान करने वाली मां कालरात्रि का दिव्य स्वरूप हमें संदेश देता है कि अधर्म, अत्याचार व आतंक का अंत ही न्याय, शांति एवं निर्भय समाज की स्थापना का आधार है।मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार को आईना दिखाते हुए बताया कि 2017 से पहले प्रदेश में रक्तबीज रूपी माफिया, दंगाइयों और अपराधियों के आतंक से उत्पन्न भय एवं अराजकता के अंधकार ने बहन-बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व स्वावलंबन की राह में गंभीर बाधाएं खड़ी कर दी थीं। वहीं विगत 9.5 वर्षों में डबल इंजन सरकार की अपराधी और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति ने इन आसुरी शक्तियों का दमन कर प्रदेश में कानून का राज एवं भयमुक्त वातावरण की स्थापना की है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि मिशन शक्ति, इंटीग्रेटेड 1090 हेल्पलाइन, महिला बीट पुलिसिंग और सेफ सिटी परियोजना जैसी पहलों ने बहन-बेटियों के लिए



घर की चौखट से लेकर सड़क, शिक्षण संस्थानों व कार्यस्थलों तक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया है। पुलिस रिस्पॉन्स टाइम का 2016 के 65 मिनट से घटकर मात्र 5 मिनट रह जाना, प्रदेश में कानून-व्यवस्था की तत्परता और महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के इसी विश्वास से प्रेरित होकर आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में भी निडर होकर कार्य कर रही हैं। महिला श्रम बल भागीदारी का 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की नारी शक्ति, अर्थशक्ति बनकर उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति दे रही है। कृषि, उद्योग, सेवा और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी ने प्रदेश की विकास यात्रा को नई ऊर्जा दी है। यही भागीदारी उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी और प्रति व्यक्ति आय में हुई तीन गुना वृद्धि की यात्रा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने घेरा मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घर

लखनऊ (संवाददाता)। 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 के अभ्यर्थियों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के लखनऊ स्थित आवास का घेराव किया। दस्तक दो अभियान के तहत बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई। अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह और आशुतोष वर्मा ने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (उत्तर प्रदेश) ने अपनी रिपोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों को उत्तीर्णांक में 5 प्रतिशत की छूट देने की सिफारिश की है। इसके तहत 150 नंबर के पूर्णांक में पासिंग मार्क्स 60 अंक (यानी 40:) करके नया संशोधित रिजल्ट जारी किया जाना चाहिए। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस सिफारिश के लागू होने से न केवल ओबीसी, बल्कि दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को भी शिक्षक बनने का मौका मिलेगा। अभ्यर्थी तूफान सिंह के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने कहा कि वे इस संबंध में उत्तर प्रदेश के इंपब शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे और मामले का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन के साथ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट की कॉपी भी मंत्री को सौंपी। ज्ञापन सौंपने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने सुरक्षा कारणों से अभ्यर्थियों को बसों में बैठाकर इको गार्डन धरना स्थल भेज दिया।

तुष्टीकरण के सहारे अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही सपा कांग्रेस : ब्रजेश पाठक

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश के ज्यादातर हिस्सों में कांग्रेस पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टीकरण के बल पर अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रही है और उत्तर प्रदेश में उसका कोई जनाधार नहीं बचा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राहुल गांधी को रायबरेली सीट को लेकर दी गई चुनौती का समर्थन करते हुए ब्रजेश पाठक ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस सपा के बिना रायबरेली जीतने का सामर्थ्य रखती है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस समझ चुकी है कि यूपी में उसकी जमीन खिसक चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कांग्रेस जिस तरह देश-विरोधी ताकतों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन कर रही है, उससे साफ है कि सत्ता की भूख उन्हें सोने नहीं दे रही। उन्होंने 1975 के आपातकाल (इमरजेंसी) का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के संविधान विरोधी कृत्य और उसकी गलत आर्थिक नीतियों ने हमेशा देश को गर्त में धकेलने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि वैश्विक अव्यवस्थाओं के बावजूद भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है।

छात्रों ने राम-रावण प्रसंग से दिया अच्छाई की जीत का संदेश

लखनऊ (संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) एल्डेको में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर एक खास प्रार्थना सभा में बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। प्रार्थना सभा भक्तिमय माहौल में शुरू हुई, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसका मकसद छात्रों को दशहरा का महत्व समझाना और सत्य, धर्म, साहस जैसे मूल्य अपनाने के लिए प्रेरित करना था। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिसमें भक्ति गीत, भाषण और श्रीराम की रावण पर जीत की कहानी दिखाई गई। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और संस्कृति की समझ दिखी। प्राइमरी विंग के छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सबका ध्यान खींचा। पारंपरिक कपड़े पहने इन बच्चों ने दशहरा से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया।

डिवाइडर की रेलिंग तोड़कर पलटी कार, एक मौत, चार घायल

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में बीती शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क के दूसरी ओर पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पीजीआई स्थित एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने रायबरेली निवासी उत्कर्ष (26) को मृत घोषित कर दिया। चार अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। हादसा रायबरेली रोड पर कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि डिवाइडर की लोहे की रेलिंग टूट गई। उसके टुकड़े सड़क किनारे बिखर गए। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हिंदुस्तान न बांग्लादेश बन सकता है, न पाकिस्तान, यहाँ सबका साथ, सबका विकास : स्वतंत्र देव

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने दो टूक कहा है कि हिंदुस्तान न कभी पाकिस्तान बन सकता है और न ही बांग्लादेश। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत लोकतांत्रिक संस्कृति और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के कारण ऐसी सोच रखने वालों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के प्रदर्शनों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत अपनी मूल संस्कृति और सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना पर आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान और बांग्लादेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में आज अल्पसंख्यकों (विशेषकर हिंदुओं) की स्थिति दयनीय है और वहां हिंदू लगातार



पलायन कर रहे हैं, जिससे उनकी आबादी घटकर लगभग न के बराबर हो गई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, हिंदुस्तान न बांग्लादेश बन सकता है, न पाकिस्तान बन सकता है। यहां की संस्कृति अपनी है। भारत को भुखमरी की कगार पर नहीं ले जाया जा सकता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा बेहद मजबूत है तथा हमारी सेना, पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि आज देश के जवान राष्ट्र के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। कांग्रेस के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तब श्रीनगर में लोग सेना पर पत्थर फेंकते थे और तिरंगा तक नहीं फहराया जा सकता था। आज लाल चौक पर शान से तिरंगा फहरता है और भारत माता की जय के नारे गूंजते हैं। उन्होंने गर्व से कहा कि सरकार ने देश से नक्सलवाद को भी लगभग समाप्त कर दिया है और अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग भी मुख्यधारा से जुड़कर देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा देश की जनता की खुशहाली के लिए काम करती है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे देश को लूटने और वंशवाद की राजनीति करने आए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और सपा कोई संगठनात्मक राजनीति नहीं करती हैं, बल्कि यह वंशवाद की राजनीति है। वे किसी भी दबंग या मजबूत व्यक्ति को टिकट दे देते हैं जो राज्य को लूट सके। गांधी परिवार ने राजनीति और लोकतंत्र को चौपट कर दिया है। इसके विपरीत, भाजपा को एक अनुशासित संगठन और कार्यकर्ताओं की पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां एक साधारण बूथ अध्यक्ष भी अपनी मेहनत के दम पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

फेक सर्वे पर भड़कीं मायावती, कार्यकर्ताओं को दिया बड़ा संदेश

लखनऊ (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कथित फेक सर्वेक्षणों के प्रचार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जातिवादी मीडिया और सोशल मीडिया धनबल का दुरुपयोग कर षड्यंत्र के तहत बसपा को कमजोर दिखाने और जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं और बहुजन समाज के लोगों से ऐसे प्रचार से सतर्क रहने तथा उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने की अपील की। मायावती ने शनिवार को कहा कि तीनों राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए बसपा अच्छे और दमदार उम्मीदवारों के चयन सहित जमीनी स्तर पर तैयारियों में जुटी है। इसी बीच कथित तौर पर फेक और ध्यान भटकाने वाले सर्वेक्षणों का प्रचार शुरू कर दिया गया है। उन्होंने इसे बसपा को निशाना बनाने की कोशिश बताते हुए दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान जातिवादी मीडिया की ओर से पार्टी के खिलाफ मिथ्या और अनर्गल प्रचार



किया जाता रहा है। उनके मुताबिक, फेक और प्रायोजित सर्वेक्षणों में बसपा की ताकत को कम करके आंका जाता है, जिससे जनता के बीच भ्रम पैदा हो। मायावती ने वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी मीडिया का रवैया जातिवादी और द्वेषपूर्ण था। इसके बावजूद बसपा ने तमाम कयासों और उम्मीदों को गलत साबित करते हुए उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करने और सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की भावना के अनुरूप संवैधानिक कल्याणकारी व्यवस्था को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया था। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले समाजवादी पार्टी और अब भाजपा के शासन से त्रस्त सर्व समाज, खासकर बहुजन समाज के लोगों को विरोधी दलों और जातिवादी तत्वों के हथकंडों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधी साम, दाम, दंड और भेद जैसी रणनीतियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। मायावती ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से सभी प्रकार के मिथ्या प्रचार और दुष्प्रचार से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में उनके नेतृत्व में बसपा की पांचवीं बार सरकार बनाने के लिए लगातार पूरी जी-जान से जुटना चाहिए। उनके मुताबिक, इसी में सभी वर्गों का हित निहित और सुरक्षित है।

नशामुक्ति जागरूकता बाइक रैली को डीजीपी ने दिखाई हरी झंडी

लखनऊ (संवाददाता)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में राष्ट्रीय एकता दिवस 2026 मनाया जा रहा है। इसी को लेकर लखनऊ पुलिस मुख्यालय से फाइट अगेंस्ट ड्रग्स मोटरसाइकिल रैली को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। यह रैली समाज में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने तथा नशामुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को सशक्त करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। पुलिस महानिदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के सशक्त एवं अखंड भारत के सपने को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी का नशामुक्त होना आवश्यक है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित यह अभियान देश की सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है और यह उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लखनऊ से शुरू होकर यह रैली इटावा होते हुए आगरा पहुंचेगी। इसके बाद मथुरा एवं गौतमबुद्धनगर होते हुए दिल्ली में प्रवेश करेगी। दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर कार्यक्रमों के बाद 21 अक्टूबर को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ रैली आगे बढ़ेगी और जयपुर, अजमेर, उदयपुर तथा गांधीनगर होते हुए 26 अक्टूबर को एकता नगर (केवड़िया), गुजरात पहुँचेगी। 31 अक्टूबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के मुख्य समारोह एवं परेड में प्रतिभागी 'राइड पास्ट' में हिस्सा लेंगे। रैली का प्रमुख उद्देश्य युवाओं तक संदेश पहुंचाना है।

संक्षिप्त

गोमती नदी का जलस्तर घटने पर खुला चंद्रिका देवी मंदिर

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के बीकेटी में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर शनिवार को भक्तों के लिए खोल दिया गया। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंदिर जाने वाले रास्ते पानी में डूब गए थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मंदिर को बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके बाद शनिवार से भक्तों के लिए दर्शन शुरू हो गए। मंदिर में सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इससे पहले शुक्रवार शाम को डीसीपी नॉर्थ अमित कुमार आनंद ने मंदिर परिसर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था देखी थी।

एनसीसी कैडेट्स ने नागरिकों को सिखाए यातायात सुरक्षा के नियम

लखनऊ (संवाददाता)। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई ने मिशन शक्ति के तहत यातायात जागरूकता अभियान चलाया। 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर के बाहर आयोजित अभियान का नेतृत्व कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया। कुलपति ने कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने यातायात संचालन में सहयोग किया और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क पर अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अभियान का संचालन एनसीसी की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा के मार्गदर्शन में किया गया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि में छह दिसम्बर को कारसेवा को लेकर संगोष्ठी

लखनऊ (संवाददाता)। योगी सेना (भारत) के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण को लेकर संगोष्ठी का आयोजन यहां चौहान पुरम, हनुमानपुरी, सरोजनी नगर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेना प्रमुख गौरव वर्मा ने कहा की 134 करोड़ सनातनियों के आस्था के प्रतीक श्री कृष्ण भगवान है आस्था को देखते हुए योगी सेना (भारत) ने पूरे प्रदेश संगोष्ठी का आयोजन कर रही है जिससे आगामी छह दिसंबर को सेना हजारों हिन्दुओं के साथ कारसेवा करेगी। श्री वर्मा ने योगी सरकार से अपेक्षा करते हुये कहा कि शाही ईदगाह मस्जिद को हटाकर मालिकाना हक दिलाते हुए भव्य श्री कृष्ण भगवान मंदिर का निर्माण जल्द से जल्द करेगी। संगोष्ठी में मौजूद उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा ने हिंदुओं की तीज त्यौहार दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दशहरा जिसमे गरबा डांडिया महोत्सव हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़ा है इसकी पवित्रता से यदि किसी ने खिलवाड़ किया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी हमारे कार्यक्रम में मुसलमान लड़के तिलक और कलावा बांधकर लव जिहाद के उद्देश से कार्यक्रमों में प्रवेश करते है। संगोष्ठी में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव सूरज साहू, प्रदेश मंत्री महेश कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन चौधरी, जिला सचिव उमेश साहू, युवा नेता कपिल वर्मा, विशाल तिवारी, ज्योति वर्मा, गीतांजलि, शांतनु ठाकुर, विनीत मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

पंचायत चुनाव : सुप्रीम कोर्ट नही जायेगी सरकार

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में पंचायत चुनाव की सरगर्मी जोरों पर है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से तीन महीने के भीतर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराने का कड़ा आदेश आने के बाद अब सूबे की सरकार के अगले कदम पर सभी की निगाहें टिक गई हैं।सूबे के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने साफ कर दिया है कि सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटायेगी। जैसे ही पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट हाथ लगेगी, तय समय सीमा के अंदर ही चुनाव कराने की मुकम्मल तैयारी शुरू कर दी जाएगी। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के मुताबिक सरकार अदालत के हर निर्देश का पूरा सम्मान करती है। चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन पहले ही पूरा किया जा चुका है। कोर्ट के निर्देशानुसार अगर समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने वाले एक महीने के भीतर मिल जाती है, तो उसके ठीक अगले दो महीनों के अंदर चुनाव की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सकता है। जहां सरकार हाई कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी नजर आ रही है, वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने हाई कोर्ट के इस आदेश को देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का मन बना लिया है। संगठन आने वाले सप्ताह में ही इस मामले को लेकर अपील दायर कर सकता है। देखना बेहद दिलचस्प होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरी समयसीमा पर क्या रुख अपनाता है। सिर्फ ग्राम प्रधान ही नहीं, बल्कि जिला पंचायत अध्यक्ष संघ और ब्लॉक प्रमुख संघ ने भी जल्दबाजी में होने वाले चुनावों को लेकर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उनका तर्क है कि सूबे के कई ग्रामीण इलाकों में बाढ़ की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है, ऐसे हालात में चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। चुनाव की घोषणा होने से गांवों में इस समय चल रहे तमाम जरूरी विकास कार्यों के रुकने की भी पूरी आशंका जताई जा रही है।

बैंक मजबूत हुए हैं तो खाते से क्यों काटे जा रहे हैं पैसे ? अखिलेश यादव के 12 सवाल

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बैंकिंग व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने मोदी के 12 साल के कार्यकाल को लेकर 12 सवाल किया है। अखिलेश ने बारह साल, बारह सवाल के जरिए बैंकों की मजबूती, खातों से कटने वाले पैसे, लोन की उपलब्धता, साइबर ठगी और बैंक कर्मचारियों की भर्ती जैसे मुद्दे उठाए। अखिलेश ने सवाल किया कि अगर बैंक मजबूत हुए हैं तो आम जनता को इन परेशानियों से राहत क्यों नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उनका पहला सवाल था, बैंक मजबूत हुए हैं तो फिर बेचे क्यों जा रहे हैं? दूसरा सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो गरीब जनता के खाते से पैसे क्यों काटे जा रहे हैं? तीसरा सवाल, बैंक मजबूत हुए हैं तो बार-बार केवाईसी के नाम पर जनता के पैसे देने से इनकार क्यों किया जा रहा है?

पडरौना अंडरपास में इंजीनियरिंग फेल, करोड़ों रुपये पानी में

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। रेलवे द्वारा पडरौना नगर में करोड़ों की लागत से बनाया गया अंडरपास तकनीकी खामी का शिकार हो गया है। जमीन के भीतर से पानी निकलने के कारण अंडरपास में लगातार जलभराव हो रहा है। इससे निर्माण की गुणवत्ता, भूजल आकलन और जलनिकासी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

कुशीनगर तराई क्षेत्र में आता है, जहां भूजल स्तर काफी ऊपर है। ऐसे में अंडरपास बनाना भू-तकनीकी इंजीनियरिंग की परीक्षा है। सवाल है कि क्या डिजाइन से पहले मिट्टी की प्रकृति, भूजल दबाव और जलनिकासी का समुचित अध्ययन किया गया था? यदि व्यवस्थाएं डिजाइन में थीं



तो जलभराव क्यों? और यदि नहीं थीं तो तकनीकी स्वीकृति किस आधार पर दी गई?

विशेषज्ञों का कहना है कि जिम्मेदारी सिर्फ ठेकेदार की नहीं है। डिजाइन तैयार करने वाले इंजीनियर, स्वीकृति देने वाले और निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

सिधुआ अंडरपास की विफलता से भी सबक नहीं लिया गया। वहां भी जलभराव के कारण अंडरपास चालू नहीं हो सका। इसके बावजूद पडरौना में वही चूक दोहराई गई। रेलवे को दोनों परियोजनाओं का तुलनात्मक तकनीकी ऑडिट कराना चाहिए।

अब मांग उठ रही है कि यदि तकनीकी चूक से सरकारी खजाने को नुकसान हुआ है तो जिम्मेदार इंजीनियर और अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ नुकसान की वसूली भी की जाए। सिर्फ पंप लगाकर पानी निकालना स्थायी समाधान नहीं है। रेलवे को निर्माण लागत, तकनीकी स्वीकृति और स्थायी समाधान पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

हाटा में मिशन शक्ति के तहत बेटियों ने संभाली प्रशासन की कमान

खदीजा बनीं एसडीएम तो काजल बनीं तहसीलदार दोनों ने संभाली एक दिन की कमान

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर....

हाटा, कुशीनगर। हाटा तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस इस बार खास रहा। मिशन शक्ति 6.0 के तहत बेटियों को एक दिन के लिए प्रशासनिक अधिकारी बनने का मौका दिया गया।

जूनियर हाईस्कूल की कक्षा 6 की छात्रा खदीजा फातिमा एक दिन की एश बनीं, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा काजल गुप्ता ने तहसीलदार की कुर्सी संभाली। दोनों छात्राओं ने अधिकारियों के साथ बैठकर प्रशासनिक कामकाज को समझा और फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन डॉ. अंबू सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय हाटा के प्रधानाध्यापक



विजय श्रीवास्तव छात्राओं के साथ मौजूद रहे।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एश मयंक त्रिपाठी ने बच्चों को कॅरियर को लेकर मार्गदर्शन दिया और डॉक्टर, ंइ, पुलिस अधिकारी बनने के लिए मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

वहीं समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें आईं, जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 33 शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर ंइ मीनू सिंह, ण्ण प्रभारी डॉ. अजय सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भूमाफिया कानूनगो पर जमीन कब्जाने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। छठू टटैया पोस्ट सुमही खुर्द, तप्पा सिंधुआ जोगना निवासी विश्वजीत सिंह और रमेश सिंह ने क्षेत्रीय कानूनगो पर भूमाफिया के साथ मिलकर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है।शिकायत में बताया गया है कि खाता संख्या 00062 की गाटा संख्या 282 में 44 डिसमिल जमीन 1986 से ग्रामवासी शत्रुघन सिंह से बैनामा लेकर जोती-बोई जा रही थी। आरोप है कि क्षेत्रीय कानूनगो कन्हैया लाल यादव ने अपने रिश्तेदार जालिम यादव के साथ मिलकर फर्जी कूटरचित दस्तावेजों के सहारे वाद संख्या 2017054465048028 / दिनांक 17.06.17 में लेखपाल (स्वयं कानूनगो) बनाम जालिम की आख्या से खाता संख्या 70 से नाम काटकर 62 में दर्ज करा दिया।पीडि.त के अनुसार इसके बाद जालिम यादव ने जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। जिस पर तहसील से 21.08.17 को स्थगन आदेश और सिविल कोर्ट के वाद संख्या 326/2017 में स्टे ऑर्डर भी मिला। आरोप है कि इसके बावजूद निर्माण जारी रखा गया।पीडि.त का कहना है कि आईजीआरएस पोर्टल संख्या 40018920011873 और समाधान दिवस पर भी कानूनगो द्वारा भ्रामक आख्या दी गई और उल्टा पीडि.त के चाचा रमेश सिंह व केयरटेकर नथुनी के खिलाफ 107/116 की कार्रवाई कर खेत में प्रवेश से रोक दिया गया।वर्तमान में पुलिस प्रशासन के दम पर रिश्तेदार द्वारा अतिक्रमण जारी रखने और केयरटेकर को लंबे समय से खेती से वंचित करने का आरोप लगाया है। पीडि.त ने वाद की उच्चस्तरीय जांच, आरोपी कानूनगो पर कार्रवाई, पांच वर्ष के अनाज के मूल्य की कटौती और भूमि पर पुनः कब्जा दिलाने की मांग की है।

मिशन शक्ति केंद्र पचपेड़वा पर समाधान दिवस का हुआ आयोजन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 17/10/2026 को थाना पचपेड़वा में मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह जनपद बलरामपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा पिंक समाधान दिवस/मिशन शक्ति समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना तथा उनका नियमानुसार त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के दौरान थाने पर प्राप्त महिला संबंधी प्रार्थना पत्रों से संबंधित महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर



कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया।संबंधित अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई तथा पीडि.त महिलाओं को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

नवशक्ति यात्रा में महिला संवाद के साथ धार्मिक सामग्री संग्रह अभियान,लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगाया दानपात्र

ममता अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ आयोजन, पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक सामग्री के सम्मानजनक निस्तारण का दिया संदेश

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री एवं नवशक्ति यात्रा की संयोजक ममता अग्रवाल के नेतृत्व में नवशक्ति यात्रा-2026 के छठे दिन गांधी कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में महिला संवाद एवं अनुपयोगी धार्मिक सामग्री के सम्मानजनक संग्रह अभियान का आयोजन किया गया।इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक सामग्री के व्यवस्थित संग्रह के लिए विशेष दानपात्र स्थापित किया गया।दानपात्र को 'समर्पित युवा शक्ति' संस्था ने प्रायोजित किया है।संस्था की सक्रिय सदस्य अंशु



को इसकी देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई।संस्था के अध्यक्ष एवं वार्ड-37 के सभासद अमित पटपड़िया ने पहल की सराहना करते हुए इसे सराहनीय शुरुआत बताया।उन्होंने दानपात्र की व्यक्तिगत रूप से देखरेख करने का आश्वासन भी दिया।कार्यक्रम में मनी पटपटिया और मंदिर समिति के अध्यक्ष राकेश गुड़िया मौजूद रहे।अभियान में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।इस दौरान धर्म, समाज,स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर संवाद कर सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।ममता अग्रवाल ने कहा कि नवशक्ति यात्रा का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करने के साथ उन्हें अपनी बात रखने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है।अभियान के माध्यम से धार्मिक आस्था के सम्मान के साथ अनुपयोगी धार्मिक सामग्री के उचित निस्तारण,स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। नवशक्ति यात्रा के तहत महिला जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी पहल लगातार जारी है।

मधवानगर खादर में लगी आग,एक घर व दो जानवर जले

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

पचपेड़वा(बलरामपुर)- विगत रात्रि को मधवानगर खादर में प्रेम पाती पतने स्व0हनुमान मौर्य के घर में आग लग गयी।घारी में धुइंहर सुलगाया गया था जिससे आग पकड़ लिया,भैस व बछड़ा जल गए,इलाज चल रहा है।प्रेम पाती एक गरीब महिला है जो बच्चों से अलग घारी में ही रहती थी।घारी में रखा सामान भी जल गया।लेखपाल सुनील कुमार ने बताया की आर्थिक सहायता हेतु रिपोर्ट भेज दी गयी है।



निर्धारित समय से पहले ही गायब मिले बीएलओ, आप नेता ने जताया एतराज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । निर्वाचन आयोग के निर्देश के बावजूद मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही सामने आई है। राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में निर्धारित अवधि शाम चार बजे से पहले ही सभी बीएलओ नदारद मिले। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर विधानसभा संगठन प्रभारी सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने शनिवार दोपहर 3:40 बजे कॉलेज के सभी बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक भी बीएलओ मौके पर मौजूद नहीं मिला। इस पर एतराज जताते हुए पांडे ने कहा कि यदि इसी तरह पुनरीक्षण होगा तो इसे बंद कर देना चाहिए। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि बूथों पर बीएलओ मौजूद नहीं है, फिर भी मतदाताओं के नाम जोड़े और काटे जा रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय तक चलाया जाए और सभी बीएलओ की बूथों पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। वहीं आप के अन्य नेताओं ने भी विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। किरदारतारा में जिला महासचिव संतोष कुमार पांडे, रतनगंज में रविंद्र सिंह चड्ढा और सुंदर-मुंदर बूथ में रमाशंकर साहू ने पुनरीक्षण कार्य देखा और 18 वर्ष पूरे कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अपील की।

मिशन शक्ति अभियान- 6.0 के तहत के तहत बुढ़ाना व सदर तहसील में लगा पिंक समाधान दिवस

महिलाओं की शिकायतें सुनकर अधिकारियों ने दिए निस्तारण के निर्देश,स्कूलों में विद्यार्थियों को भी किया जागरूक

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।मिशन शक्ति अभियान-6.0 के तहत शनिवार को तहसील बुढ़ाना और सदर में पिंक समाधान दिवस आयोजित किए गए। दोनों स्थानों पर महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई।बुढ़ाना में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी सूरज कुमार राय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया ने शिकायतें सुनीं।वहीं तहसील सदर में उप जिलाधिकारी शुभम श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार ने महिलाओं की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतने और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने पर जोर दिया।उधरजनपदक्ष के स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में लघु फिल्मों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल अपराधों, साइबर ठगी तथा





सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के प्रति जागरूक किया गया।मिशन शक्ति टीमों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए।अभियान के दौरान वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।पुलिस एवं प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता गतिविधियां जारी रखने पर जोर दिया।

जनपद के तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 63 प्रार्थना पत्रों में मौके पर 10 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पैमाइश अथवा कब्जा दिलाने के प्रकरणों में राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुए दोनो पक्षों की उपस्थिति में उनकी प्रकरण को गम्भीरता से सुनते हुए पीड़ित फरियादी को न्याय दिलाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि एक ही शिकायत के निस्तारण के लिए बार-बार फरियादी को तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक शासन स्तर से सीधे शिकायतकर्ता के दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है, अतएव अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दे। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल के समक्ष प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण, तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 विजेता के समक्ष प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 05 का निस्तारण एवं तहसील चुनार में उप जिलाधिकारी चुनार के समक्ष प्राप्त 111 प्रार्थना पत्रों में से 09 का निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, तहसीलदार सदर दीक्षा पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

शिवपाल सिंह यादव ने जसवंतनगर विधानसभा की बूथों का किया दौरा

कहा कि एक भी पात्र न छूटे,फर्जी वोट पर लगे लगाम
बूथ अध्यक्ष,कार्यकर्ताओं से विपक्ष से सतर्क रहने की नसीहत



प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान बूथों का औचक दौरा कर संगठनात्मक मजबूती और मतदाता सूची की स्थिति परखी।दौरे के दौरान उन्होंने बूथों पर मौजूद बीएलओ व अधिकारियों से सीधा संवाद किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक नाम जुड़वाने से वंचित न रहे और एक भी फर्जी वोट सूची में शामिल न होने पाए। उन्होंने फॉर्म-6 की उपलब्धता और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया की भी जानकारी ली।इसके बाद शिवपाल यादव ने बूथ पर मौजूद अपने बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विपक्ष की चालों से सतर्क रहने की नसीहत देते हुए कहा कि निगाह रखनी होगी एक भी फर्जी वोट न जुड़ने पाए।बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करना है।उन्होंने कहा मतदाताओं से निरंतर संपर्क में रहें उनकी समस्याएं सुनें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन ही संगठन की सफलता का आधार है। मजबूत बूथ प्रबंधन और सक्रिय कार्यकर्ता ही चुनाव में जीत की गारंटी है।दौरे के दौरान सपा के कई पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वोटर लिस्ट अभियान परखने बूथों पर पहुंचे डीएम एसएसपी जीजीआईसी के बूथों का किया निरीक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस

जसवंतनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 17 व 24 अक्टूबर को चल रहे विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत शनिवार को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल और एसएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव ने नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बने बूथ संख्या 75, 76 व 77 का औचक निरीक्षण किया।अधिकारियों ने बीएलओ की उपस्थिति, फॉर्म-6 की उपलब्धता और नए मतदाताओं के पंजीकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।आयोग के अनुसार पात्र नागरिक फॉर्म-6 से आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को भारतीय नागरिक, संबंधित क्षेत्र का सामान्य निवासी और आयु संबंधी पात्रता पूरी करना जरूरी है। साथ में आयु निवास प्रमाण व फोटो लगेगी। विशेष कैंप सुबह 10 से शाम 4 बजे तक लग रहे है।इस दौरान एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार नेहा सचान, थानाध्यक्ष कमल भाटी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बीच रास्ते स्कूल बस का डीजल खत्म, बच्चों ने लगाया धक्का, वीडियो वायरल



प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के उमरैन कस्बे में एक निजी स्कूल बस का डीजल खत्म होने से बच्चे बीच रास्ते में फंस गए। बच्चों को उतरकर बस को धक्का लगाकर सड़क किनारे लगाना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि बिधूना स्थित एक निजी कॉन्वेंट स्कूल की बस रोजाना उमरैन क्षेत्र से करीब 40 बच्चों को लेकर स्कूल जाती है। शुक्रवार सुबह रास्ते में अचानक बस का डीजल खत्म हो गया और बस बंद हो गई। बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा और स्कूल पहुंचने में देरी हुई। इस मामले में विद्यालय के ट्रैफिक इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि चालक नया था और डीजल भरवाना भूल गया था। बाद में डीजल डलवाकर बस को स्कूल रवाना किया गया। घटना के बाद स्कूल बसों के रखरखाव और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों ने बसों की नियमित जांच की मांग की है।

100 वर्ष पुराने होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जे का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस



जसवंतनगर/इटावा। क्षेत्र के कटरा बिल्लोचयान में करीब 100 वर्ष पुराने सार्वजनिक होलिका दहन स्थल पर अवैध कब्जा किए जाने और निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में रामगोपाल, शुद्धोधन सहित अन्य लोगों ने तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उक्त भूमि पर लंबे समय से सार्वजनिक रूप से होलिका दहन किया जाता रहा है। आरोप है कि अब इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक होलिका दहन स्थल के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया है। प्रार्थना पत्र देने वालों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए, भूमि की जांच कराई जाए तथा सार्वजनिक स्थल पर कथित अवैध कब्जे के मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि परंपरागत होलिका दहन स्थल को सुरक्षित रखा जा सव

हनुमान ने सोने की लंका जलाया, रावण ने माता सीता का हरण किया



तीन सप्ताह तक जिंदगी से जूझने के बाद उज्ज्वल ने इलाज के दौरान लखनऊ में तोड़ा दम

नेशनल हाईवे-19 पर जगतपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी थी टक्कर, मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के अजीतमल कोतवाली अंतर्गत नेशनल हाईवे-19 पर जगतपुर गांव के सामने लगभग 22 दिन पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाबरपुर निवासी बाइक सवार उज्ज्वल उर्फ बउआ की शुक्रवार को लखनऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।पटेल नगर, बाबरपुर निवासी उज्ज्वल 23 सितंबर की मध्यरात्रि करीब 11:57 बजे बाइक से औरैया से इटावा की ओर जा रहे थे। जगतपुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचाया था। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए लखनऊ ले गए थे। वहां पिछले 22 दिनों से उनका इलाज चल रहा था। परिजन मनोज और अंकित के अनुसार, शुक्रवार को उपचार के दौरान उज्ज्वल ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर रात तक शव बाबरपुर स्थित घर पहुंचने के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार किस गया है।

खाद्य पदार्थ के हवा और नमी के प्रभाव से अनैच्छिकगंध आती है गुणवत्ता खराब होतीः खाद्य सुरक्षा अधिकारी

खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों की कराई गोष्टी

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इटावा के तत्वाधान में त्यौहारी सीजन में व्यापारियों को मिलावट से रोकने एवं जागरुक करने के उद्देश्य से एक व्यापारी जागरुकता गोष्ठी का आयोजन युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे के प्रतिष्ठान फ्रेंड्स कॉलोनी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपाल सिंह ने विभागीय जानकारी दी

उन्होंने बताया कि हवा और नमी के प्रभाव से अनैच्छिकगंध आएगी जिससे गुणवत्ता खराब हो जाएगी जो मानवीय जीवन के लिए घातक साबित होगी ऐसी बहुत सारी चीज है जो जागरूकता के अभाव में व्यापारियों के लिए समस्या उत्पन्न करती है इसीलिए व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा खाद विभाग के अधिकारियों से जानकारी करनी चाहिए आज यह गोष्टी बहुत अच्छी पहल है उससे व्यापारियों को बहुत सारी जागरूकता मिलेगी। इस दौरान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल, जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार दुबे, युवा शहर महामंत्री अनिल यादव, युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे, भोले, आशीष दत्त तिवारी, युवा संगठन मत्री रोहित दुबे, सदस्य मोहन सिंह यादव, रामजीवन सिंह, सचिन कुमार, विनय तिवारी, प्रदीप गुप्ता, संजय वर्मा, लैब टेकिनशियन अवनीश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

निर्धारित समय से पहले ही गायब मिले बीएलओ, आप नेता ने जताया एतराज

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । निर्वाचन आयोग के निर्देश के बावजूद मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही सामने आई है। राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में निर्धारित अवधि शाम चार बजे से पहले ही सभी बीएलओ नदारद मिले।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर विधानसभा संगठन प्रभारी सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने शनिवार दोपहर 3:40 बजे कॉलेज के सभी बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक भी बीएलओ मौके पर मौजूद नहीं मिला। इस पर एतराज जताते हुए पांडे ने कहा कि यदि इसी तरह पुनरीक्षण होगा तो इसे बंद कर देना चाहिए। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि बूथों पर बीएलओ मौजूद नहीं है, फिर भी मतदाताओं के नाम जोड़े और काटे जा रहे है। यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान निर्धारित समय तक चलाया जाए और सभी बीएलओ की बूथों पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। वहीं आप के अन्य नेताओं ने भी विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। किरदारतारा में जिला महासचिव संतोष कुमार पांडे, रतनगंज में रविंद्र सिंह चड्ढा और सुंदर-मुंदर बूथ में रमाशंकर साहू ने पुनरीक्षण कार्य देखा और 18 वर्ष पूरे कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अपील की।



सपा को बड़ा झटकाः महासचिव मंटू मिश्रा ने छोड़ी पार्टी, पूर्व डीएम दिव्या मित्तल की 'जननीति भारत' में हुए शामिल

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जिले की सियासत में बड़ा भूचाल आ गया है। समाजवादी पार्टी के महासचिव और प्रसिद्ध गायक मंटू मिश्रा ने सपा का दामन छोड़कर पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल की नई पार्टी 'जननीति भारत' का दामन थाम लिया है। मंटू मिश्रा के शामिल होने को जननीति भारत के लिए बड़ी मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।जानकारों का मानना है कि यह सिर्फ दल बदलने की नहीं, सोच बदलने की कहानी है। उत्तर प्रदेश कैडर की पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने 13 साल की प्रतिष्ठित सेवा छोड़कर जनसेवा का रास्ता चुना है। उनकी पार्टी का नाम ही चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी का कहना है कि यह किसी परिवार या जाति की नहीं, बल्कि जन की नीति पर आधारित पार्टी है। दिव्या मित्तल ने जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सबसे चर्चित सीट मिर्जापुर नगर (सदर) से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यह सीट कभी किसी एक दल की जागीर नहीं रही है। 2002 से 2012 तक यह सीट सपा के कैलाश चौरसिया के पास रही, जबकि 2017 और 2022 में भाजपा के रतनकर मिश्रा ने जीत दर्ज की। 2022 के चुनाव में भाजपा ने सपा को 39,876 वोटों के अंतर से हराया था। इस सीट



का जातीय समीकरण जननीति के लिए अनुकूल माना जा रहा है। यहां करीब डेढ़ लाख वैश्य, 50 हजार ब्राह्मण, 40 हजार मुस्लिम मतदाताओं के साथ बड़ा दलित-पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका में है। दिव्या मित्तल सितंबर 2022 से 2023 तक मिर्जापुर की डीएम रही है और लहुरिया दह गांव में पानी पहुंचाने जैसे कार्यों से उन्होंने जनता में अपनी पहचान बनाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार ग्रामीण कार्यक्रमों में देर रात तक उमड़ रही भीड़ इस बदलाव का संकेत दे रही है।

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । स्थानिय राजगढ़ रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला में पांचवें दिन हनुमान का सीता खोज, अशोक वाटिका में राक्षसों से महासंग्राम अक्षय कुमार वध और लंका दहन की रामलीला का भावपूर्ण चित्रण कलाकारों ने की।बनाराज सुग्रीव ने युवराज अंगद के नेतृत्व में अपनी बानरी सेना को माता जानकी की खोज करने के लिए चारों दिशाओं में भेज दिया। हनुमानजी समुद्र पार कर लंका नगरी अशोक वाटिका में पहुंचे। जहां माता सीता को प्रभुराम की मुद्रिका देते हुए खुद को श्रीराम का दास बताया। इसके भूख मिटाने के लिए अशोक वाटिका में लगे फलों को खाने लगे और अशोक वाटिका को तहस नहस करने लगे।रावण ने अक्षय कुमार के साथ सेना भेज कर बंदर को पकड़ने का आदेश देता है। हनुमान के साथ अक्षय कुमार का वध कर दिया।इसके बाद मेघनाथ को बंदर को बंदी बना कर हनुमान को रावण दरबार में पेश किया।रावण हनुमान की पूछ में आग लगवा देता है। हनुमान जी उस आग से पूरी लंका को जला देते हैं। कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, कोषाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, राजकुमार सिंह,आशीष जायसवाल, बब्बे केसरी सलीम जायसवाल, राजू केसरी इत्यादि रहे।

राजकीय पॉलिटेक्निक में वोटर पंजीकरण कैंप, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भरवाए फार्म-6

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को बूथ स्तर पर कैंप लगाया गया। भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व में राजकीय पॉलिटेकिन्क बथुआ स्थित बूथ संख्या 426 पर नए मतदाताओं के फार्म भरवाए। इस दौरान फार्म नंबर-6 के



माध्यम से नए वोटरों का पंजीकरण कराया गया। इस मौके पर बथुआ शक्ति केंद्र संयोजक मनीष त्रिपाठी, गुलाब प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्नातक MLC चुनावः सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा के समर्थन में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक संपन्न



प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। समाजवादी व्यापार सभा जिला मीरजापुर के तत्वाधान में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय 'लोहिया ट्रस्ट' में आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले वाराणसी सनतक निर्वाचन खण्ड क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा के समर्थन में मतदान के दिन सनतक मतदाताओं को मतदान स्थल तक ले जाने की जिम्मेदारी हेतु समाजवादी व्यापार सभा के जिला संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक लिया।

बैठक की अध्यक्षता समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष गणेश केशरी और संचालन जिला महासचिव मनीष जयसवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी व्यापार सभा के डा0 अरविन्द श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव विकास केशरवानी, पूर्व जिला महासचिव सपा अभय यादव, आदर्श यादव, राजकुमार, उपेंद्र सिंह, विनोद यादव, अनुराग दत्त त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, लकी यादव तपेश कोल आदि उपस्थित थे।

अंतर महाविद्यालयों में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जीडी कटियार ने किया जनसंपर्क,

एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल के समर्थन में मांगा सहयोग

इलाहाबाद-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर कॉलेजों में संवाद, शिक्षकों के हितों और अधिकारों का मुद्दा उठाया

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। इलाहाबाद-झांसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल के समर्थन में जीडी कटियार ने जनसंपर्क अभियान चलाया। 17 अक्टूबर को प्रयागराज जनपद के विभिनन्-अंतर महाविद्यालयों में पहुंचकर उन्होंने शिक्षकों से संवाद किया और सनतक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में सहयोग की अपील की। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं, उनके अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

जनसंपर्क अभियान के तहत लाला मनमोहन इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज सहसो, शिवाजी इंटर कॉलेज, जवाहर लाल इंटर कॉलेज, आरआरजी इंटर कॉलेज, हनुमानगंज स्थित



डॉ. सीबी सिंह इंटर कॉलेज, वाला प्रसाद इंटर कॉलेज, आरबी सिंह डिग्री कॉलेज और पब्लिक इंटर कॉलेज सहित विभिनन् शिक्षण संस्थानों में संपर्क किया गया। इसके साथ ही अन्य स्थानों पर भी जनसंपर्क कर शिक्षकों एवं सनतक मतदाताओं से बातचीत की गई।इस दौरान शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याएं, पुरानी पेंशन बहाली की मांग, संविदा एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों के हित और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत कमिर्यों के अधिकार जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। शिक्षकों के बीच यह चर्चा भी हुई कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उनके सुझावों और समस्याओं को उचित मंच पर उठाया जाना आवश्यक है। एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल पूर्व प्रधानाचार्य रह चुके है और राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश में प्रांतीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके है। उनके समर्थकों का कहना है कि शिक्षा जगत से जुड़े अनुभवों के आधार पर वह शिक्षकों एवं सनतकों की समस्याओं को विधान परिषद में उठाने का प्रयास करेंगे।

जनसंपर्क के दौरान शिक्षकों से अपील की गई कि वे सनतक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में अपने मुद्दों, अपेक्षाओं और प्रत्याशियों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर निणय् लें। अभियान का उद्देश्य शिक्षकों और सनतक मतदाताओं के बीच संवाद स्थापित करना तथा शिक्षा जगत से जुड़े विषयों को चुनावी चर्चा का हिस्सा बनाना रहा। इस दौरान राम आशीष, गुलाबचंद,डॉ राजेश सिंह,अरूण कुमार सिंह,विमल भास्कर,मानिक चंद्र, दिनेश चौधरी, डॉ निरंजन कुमार सिंह, महेंद्र कुमार,अटल बिहारी यादव,अनुज कुमार यादव, रामकुमार, हर्षित पटेल सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

विन्ध्य महोत्सव के छठे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। नवरात्र मेला के दौरान मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल चल रहे नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव के पष्ठी दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल ने देवी चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। विधायक मड़िहान ने कहा कि यहां की कला और संस्कृति हमारी पहचान है, जिसे संरक्षित एवं संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। कलाकार अपनी प्रतिभा और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को जोड़ने तथा हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। विन्ध्य महोत्सव जैसे आयोजन स्थानीय एवं अन्य प्रदेशों से आए कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। विन्ध्य महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम के ष्ठी दिन सांस्कृतिक कायक्रर्म में कलाकारों के द्वारा विन्ध्य की लोक संस्कृति पर आधारित मन मोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें भदोही के दीनाथ तिवारी, दीपक मस्ताना, मीरजापुर के दयाराम यादव, पांचू पाल, बब्बलू राम दिवाना, रिंकी देवी, विद्यासागर, कमलेश कुमार पाल, हरिराम, रोली शर्मा, कुसुम किशोरी, दिनेश मौर्या, शान्ति निषाद, वाराणसी की खुशबू गुप्ता, दीपक सिंह, लखीमपुर खीरी के रामपाल निषाद, मुम्बई की एकता श्रीमाली के द्वारा भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विन्ध्य महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों व उनकी टीम को विधायक मड़िहान एवं डिप्टी कलेक्टर जूही प्रसाद के द्वारा मां का देवी चित्र व चुनरी एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर जूही प्रसाद, विन्ध्य धाम तीर्थ विकास परिषद से रूपेश श्रीवास्तव, अंजू मौर्या के अलावा अन्य अधिकारीगण व भारी संख्या श्रोता उपस्थित रहें।

झांसी विधानसभा से जन अधिकार पार्टी के इंजी. प्रशांत दयाराम कुशवाहा की प्रबल दावेदारी

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रियता, जनता के बीच पहुंचकर समर्थन जुटाने की तैयारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे चर्चा में आने लगी हैं। इसी क्रम में झांसी विधानसभा क्षेत्र से जन अधिकार पार्टी के इंजी. प्रशांत दयाराम कुशवाहा अपनी दावेदारी को लेकर चर्चा में हैं। वह झांसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की मंशा के साथ जनता के बीच अपनी पहचान बनाने और मतदाताओं का समर्थन हासिल करने की दिशा में प्रयासरत हैं।

इंजी. प्रशांत दयाराम कुशवाहा झांसी विधानसभा क्षेत्र से अपनी राजनीतिक पारी को आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। जन अधिकार पार्टी से उनकी दावेदारी को आगामी चुनाव की तैयारियों के लिहाज से देखा जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में जनता से संपर्क, स्थानीय समस्याओं को समझना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना उनकी राजनीतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

आगामी चुनाव में क्षेत्रीय विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, जल निकासी और आम नागरिकों की समस्याएं प्रमुख मुद्दे बन सकते हैं। ऐसे में मतदाताओं के बीच अपनी बात रखने वाले संभावित प्रत्याशियों के सामने जनता की अपेक्षाओं को समझने और उनके समाधान को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की चुनौती रहेगी।इंजी. प्रशांत दयाराम कुशवाहा जन अधिकार पार्टी के माध्यम से झांसी विधानसभा क्षेत्र में अपनी दावेदारी मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होने और राजनीतिक दलों की रणनीतियां स्पष्ट होने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य भी अधिक स्पष्ट होगा। फिलहाल, आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनकी दावेदारी चर्चा का विषय बनी हुई है।

मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब के नवरात्रि उत्सव में गरबा-डांडिया की धूम, डॉ. फेरी चंदेल बनीं डांडिया क्वीन

रंग-बिरंगे परिधानों में सजीं महिलाओं ने गरबा-डांडिया से बांधा समां, विभिन्न श्रेणियों में दिए गए पुरस्कार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब की ओर से होटल रीजेंटा पैलेस में भव्य नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। गरबा और डांडिया रास की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। गरबा-डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल उत्सवी रंगों में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर प्रीति साहू एवं निशा साहू रहीं। आयोजन का मुख्य आकर्षण डांडिया क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें डॉ. फेरी चंदेल ने डांडिया क्वीन का खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त विभिनन् श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में बेस्ट थीम का पुरस्कार दीप्ति सोनी, बेस्ट ड्रेस का सरिता मित्तल, बेस्ट हेयरस्टाइल का कविता पांडे, बेस्ट मेकअप का राखी मिश्रा, बेस्ट डांडिया स्टिक्स का स्वलेहा खान, बेस्ट ज्वैलरी का हिना करनानी, बेस्ट डांस का नेहा तिवारी तथा बेस्ट एनर्जी का पुरस्कार नम्रता गुप्ता को प्रदान किया गया। लकी ड्रॉ में हिना करनानी विजेता रहीं, जबकि पंक्चुअलिटी गेम का पुरस्कार नम्रता गुप्ता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति बाजपेई ने किया। उन्होंने अपनी प्रभावशाली संचालन शैली से आयोजन को रोचक बनाए रखा। इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट मोनिका कोचर, वाइस प्रेसिडेंट तमनन राय, ट्रेजरर संयुक्ता शर्मा, सेक्रेटरी प्रेरणा हजेला, पास्ट प्रेसिडेंट ओमनी राय एवं पास्ट प्रेसिडेंट नेहा तिवारी सहित बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। डायस मेंबर दीप्ति सोनी सहित जसप्रीत चावला, दीप्ति गुप्ता, अमृता बंसल, रश्मि श्रीवास्तव, प्रेरणा सहवानी, शीनू जैन, निकिता अग्रवाल सहित क्लब की अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिक पूरी निष्ठा से करें कार्यः जिलाधिकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकास भवन के सभागार में सम्पनन् हुआ है। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पनन् कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा उनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। यह भी कहा कि सभी मतदान कार्मिक निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रत्येक बिंदु की जानकारी प्राप्त करें। मतदान प्रारम्भ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं निर्वाचन सामग्री की भली-भांति जांच कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान की गोपनीयता बनाए रखना प्रत्येक मतदान कार्मिक की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मतदान प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निष्पक्षता बनाए रखें तथा किसी भी राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी के पक्ष में कार्य न करें।उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पनन् कराना सुनिश्चित करें। बैठक में परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

स्नातक श्ण् चुनावः सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा के समर्थन में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक संपन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। समाजवादी व्यापार सभा जिला मीरजापुर के तत्वाधान में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय 'लोहिया ट्रस्ट' में आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले वाराणसी सनतक निर्वाचन खण्ड क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा के समर्थन में मतदान के दिन सनतक मतदाताओं को मतदान स्थल तक ले जाने की जिम्मेदारी हेतु समाजवादी व्यापार सभा के जिला संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की बैठक लिया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष गणेश केशरी और संचालन जिला महासचिव मनीष जयसवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी व्यापार सभा के डा0 अरविन्द श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव विकास केशरवानी, पूर्व जिला महासचिव सपा अभय यादव, आदर्श यादव, राजकुमार, उपेंद्र सिंह, विनोद यादव, अनुराग दत्त त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, लकी यादव तपेश कोल आदि उपस्थित थे।

योग और एरोबिक्स से छात्राओं ने सीखे स्वस्थ जीवन के गुर

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, आठ छात्राएं सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित सात दिवसीय योग, ध्यान और एरोबिक्स प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की योग प्रशिक्षिका डॉ. रूपम सक्सेना के नेतृत्व में 11 अक्टूबर से आयोजित शिविर में विश्वविद्यालय के छह महिला छात्रावासों की छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।शिविर में छात्राओं को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित विभिनन् योगासनों, ओम उच्चारण, प्रेक्षा ध्यान तथा एरोबिक्स का अभ्यास कराया गया। डॉ. रूपम सक्सेना ने नियमित योग और व्यायाम को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और तनावमुक्त जीवन के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. मुनन तिवारी ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला।समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासन के लिए बीबीए की आस्था ठाकुर, बीएससी फॉरेंसिक साइंस की कनिका, बीपीटी की आकांक्षा सोनी, बीएससी जैव प्रौद्योगिकी की महक मिश्रा, एमफार्म की अंजली यादव, एमएससी फॉरेंसिक साइंस की रहनुमा खान, एमएससी रसायन विज्ञान की अंजली तथा आईटीईपी की प्रिया प्रकाश को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में छात्रावास वार्डन डॉ. दीप्ति सिंह, डॉ. ज्योति कुमारी मिश्रा, डॉ. ममता सिंह, डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव, डॉ. शिप्रा, डॉ. श्वेता पांडे और डॉ. अचला पांडे का सहयोग रहा। मनोविज्ञान की शोधार्थी आयुषि सक्सेना ने संगीत व्यवस्था तथा प्रिया प्रकाश ने फोटोग्राफी में सहयोग किया।

गहोई वैश्य महिला सभा की डांडिया नाइट में महिलाओं ने बिखेरे रंग, गरबा-डांडिया पर जमकर झूमीं

पुष्प वाटिका में शारदीय नवरात्रि महोत्सव का आयोजन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस



झांसी। शारदीय नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा के तत्वावधान में ड्रीम इवेंट फाउंडेशन के सहयोग से आंतिया तालाब के पास स्थित पुष्प वाटिका में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं और युवतियों ने गरबा व डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। ढोलक की थाप और डीजे की मधुर धुनों पर प्रतिभागी देर तक थिरकती रहीं। पूरा परिसर भक्ति, उल्लास और उत्साह से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम में सदर विधायक रवि शर्मा, उनकी धर्मपतने सुनीता शर्मा, सांसद की धर्मपतने एवं फिक्की की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह तथा बुंदेलखंड क्षेत्रीय गहोई वैश्य महिला सभा की अध्यक्ष रजनी गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजिकाओं आराध्या कंचन और शिवांगी मुद्गल ने अतिथियों का पटका पहनाकर, माला एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

डांडिया नाइट में गहोई वैश्य समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक सजावट और गरबा-डांडिया की प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ उत्सव की खुशियां साझा कीं और सामूहिक नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर महिला सभा की अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज की महिलाओं को आपस में जोड़ने के साथ ही हमारी परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नवरात्रि शक्ति की आराधना का पर्व है और डांडिया उसी शक्ति, उमंग तथा सामूहिक उल्लास का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन में सहभागिता करने वाली महिलाओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में डांडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान महिला सभा की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महामंत्री रजनी सेठ, सहमंत्री निधि नगरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्रा गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामश्री गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष रुचि गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष प्रभा सरावगी सहित कल्पना सेठ, आकांक्षा मलैया, प्रियंका सरावगी, शकुन गुप्ता, नीलम गुप्ता, आस्था मिश्रा, कंचन गुप्ता, वर्षा नीखरा, अर्चना नौगरैया, पूर्वा गुप्ता, मानसी बांगर, प्रीति गुप्ता, रश्मि लोहिया, साक्षी गुप्ता, वंदना पहाड़िया, सीमा गुप्ता, साधना सेठ, मनीषा गुप्ता, भारती गुप्ता, पूजा सेठ, विनीता सरावगी, रेनू गेड़ा, पारुल कंदेले और सुमन विनय गुप्ता सहित महिला सभा की कार्यकारिणी एवं अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक गौतम ने किया।

सपा को बड़ा झटकाः महासचिव मंटू मिश्रा ने छोड़ी पार्टी, पूर्व डीएम दिव्या मित्तल की 'जननीति भारत' में हुए शामिल

सुनील कुमार गुप्ता
प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जिले की सियासत में बड़ा भूचाल आ गया है। समाजवादी पार्टी के महासचिव और प्रसिद्ध गायक मंटू मिश्रा ने सपा का दामन छोड़कर पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल की नई पार्टी 'जननीति भारत' का दामन थाम लिया है। मंटू मिश्रा के शामिल होने को जननीति भारत के लिए बड़ी मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।जानकारों का मानना है कि यह सिर्फ दल बदलने की नहीं, सोच बदलने की कहानी है। उत्तर प्रदेश कैडर की पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने 13 साल की प्रतिष्ठित सेवा छोड़कर जनसेवा का रास्ता चुना है। उनकी पार्टी का नाम ही चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी का कहना है कि यह किसी परिवार या जाति की नहीं, बल्कि जन की नीति पर आधारित पार्टी है।दिव्या मित्तल ने जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सबसे चर्चित सीट मिर्जापुर नगर (सदर) से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यह सीट कभी किसी एक दल की जागीर नहीं रही है। 2002 से 2012 तक यह सीट सपा के कैलाश चौरसिया के पास रही, जबकि 2017 और 2022 में भाजपा के रतनकर मिश्रा ने जीत दर्ज की। 2022 के चुनाव में भाजपा ने सपा को 39,876 वोटों के अंतर से हराया था। इस सीट का जातीय समीकरण जननीति के लिए अनुकूल माना जा रहा है। यहां करीब डेढ़ लाख वैश्य, 50 हजार ब्राह्मण, 40 हजार मुस्लिम मतदाताओं के साथ बड़ा दलित-पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका में है। दिव्या मित्तल सितंबर 2022 से 2023 तक मिर्जापुर की डीएम रही है और लहुरिया दह गांव में पानी पहुंचाने जैसे कार्यों से उन्होंने जनता में अपनी पहचान बनाई है।पार्टी सूत्रों के अनुसार ग्रामीण कार्यक्रमों में देर रात तक उमड़ रही भीड़ इस बदलाव का संकेत दे रही है।

मां दुर्गा के जयकारों से भक्तिमय हुआ झांसी, दुर्गा पंडालों में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. संदीप सरावगी

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। शक्ति की आराधना, भक्ति की भावना और सनातन संस्कृति की दिव्य आभा से सराबोर झांसी में मां दुर्गा के विभिनन् पूजा पंडालों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने तीन अलग-अलग दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर आरती की और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।तीनों कार्यक्रमों में डॉ. संदीप सरावगी के आगमन पर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं ने तिलक लगाकर तथा माल्यार्पण कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भक्तिमय वातावरण में मां के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने धर्म, सेवा और सामाजिक सद्भाव की भावना को साकार किया।भट्टा गांव में मां काली सेवा समिति के कार्यक्रम में हुए शामिल

बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, कवियों ने काव्य रचनाओं से बांधा समां

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में शनिवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन साहित्यिक उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपनन् हुआ। कार्यक्रम में विभिनन् क्षेत्रों से आए कवियों एवं कवयित्री ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को काव्य की विविध विधाओं से परिचित कराया। सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य, संवेदना और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं के जरिए साहित्य की प्रभावशाली प्रस्तुति देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए दुष्यंत चतुर्वेदी रहे। कवि सम्मेलन का मंच संचालन कवि सुमित ओरछा ने किया। गोपालगंज, बिहार की कवयित्री सान्या राय, इंदौर के कवि गौरव साक्षी और झांसी के कवि हितेश बिश्वा ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भरे। अलग-अलग क्षेत्रों से आए रचनाकारों की सहभागिता ने सम्मेलन को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया।इस अवसर पर बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नवेंद्र सिंह तथा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस.के. राय का सानिध्य रहा। कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी भाषा, साहित्य और काव्य परंपरा के प्रति लोगों की रुचि को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। साहित्यिक आयोजनों को नई पीढ़ी को रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ने और समाज में साहित्य के महत्व को स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना गया। कवि सम्मेलन का आयोजन साहित्यिक मंच 'उन्मुक्त पथ' सहित प्रायोजक संस्थाओं के सहयोग से किया गया। अग्रवाल एंड संस और बुंदेली फार्म रिसॉर्ट भी आयोजन से जुड़े रहे। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया।इस तरह बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने झांसी की साहित्यिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान की और हिंदी काव्य परंपरा के प्रति सम्मान एवं रुचि बढ़ाने का संदेश दिया।

शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज में डांडिया फिएस्टा का भव्य आयोजन

बालिकाओं ने पारंपरिक डांडिया नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज, जड़ौदा, मुजफ्फरनगर में आज शारदीय नवरात्रों के पावन अवसर पर 'डांडिया फिएस्टा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने पारंपरिक डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं एवं उत्सव की उमंग को जीवंत कर दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सुचित्रा सैनी, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज, जड़ौदा, विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रीटा दहिया, प्रधानाचार्य श्री प्रवेन्द्र दहिया एवं श्रीमती जोली शर्मा द्वारा माँ दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नवरात्रों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने 'चोगाड़ा तारा', 'छमा छमा नाचे आज ढोल बाजे' और 'नगाड़ा संग ढोल बाजे' जैसे लोकप्रिय गीतों पर शानदार डांडिया नृत्य प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक नृत्य मुद्राओं, तालमेल और उत्साह से भरपूर प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। छात्राओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और सामूहिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कोरियोग्राफर श्री विशाल गौतम एवं श्री अनिकेत का विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्राओं को डांडिया नृत्य की बारीकियाँ सिखाईं तथा निरंतर अभ्यास और मार्गदर्शन के माध्यम से उन्हें उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए तैयार किया। उनके कुशल निर्देशन में छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि सुचित्रा सैनी ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, सहयोग एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते है।

विद्यालय की प्रबंधक रीटा दहिया एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है तथा उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते है। कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। डांडिया फिएस्टा ने शारदीय नवरात्रों की पावन भावना को साकार करते हुए विद्यालय परिसर में उत्सव और आनंद का वातावरण निर्मित किया।

लिखित आश्वासन के बाद काम पर लौटे ग्श संविदा कर्मी, मीडिया का जताया आभार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। आठ दिनों तक चले आंदोलन के बाद आखिरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ग्श) के संविदा कर्मी लिखित आश्वासन मिलने के बाद काम पर लौट आए है। प्रदेश स्तर पर मिशन निदेशक के साथ हुई वार्ता में कई मांगों पर सहमति बनने के बाद 17 अक्टूबर से जनपद सहित पूरे प्रदेश के कर्मी अपने कार्य पर लौट गए है।

जिला अध्यक्ष डॉ. सचिन जैन ने आंदोलन के दौरान सहयोग के लिए मीडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मीडिया ने निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ संविदा कमिर्यों की समस्याओं को अधिकारियों और आमजन तक पहुंचाया और उनकी आवाज को मजबूती दी।

डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि वार्ता में कई महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बनी हैः

1. वेतन नीतिः न्यूनतम वेतनमान और वरिष्ठता के आधार पर वेतन वृद्धि पर सहमति, शासन ने 45 दिन का समय मांगा है।

2. ग्रेच्युटी और ईंइः राज्य सरकार के बजट से व्यवस्था करने पर सहमति।

3. अवकाशः महिला कमिर्यों को चाइल्ड केयर लीव और सभी कमिर्यों को 15 दिन की स्पेशल लीव, जल्द शासनादेश जारी होगा।

4. कैशलेस बीमाः कमिर्यों और उनके परिजनों को 10 लाख रुपये तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा।

5. नियमित नियुक्ति में वरीयताः नियमित पदों पर ग्श कमिर्यों को वरीयता देने का शासनादेश जल्द जारी होगा।

6. लॉयल्टी बोनसः 7, 10 और 15 साल की सेवा पर लॉयल्टी बोनस की मांग केंद्र को भेजने पर सहमति।

7. मोबिलिटी भत्ताः ऊईं के तहत मिलने वाले 2000 रुपये के भत्ते को वेतन में शामिल करने पर सहमति।

8. अनुशासनात्मक कार्रवाई नहींः आंदोलन में शामिल किसी भी कर्मचारी पर कार्रवाई न करने पर सहमति।

वहीं ँ और ँ की मांग पर सहमति नहीं बन सकी, लेकिन उपलब्धता के अनुसार आवास आवंटित करने की बात कही गई है। आंदोलन समाप्त होने के बाद कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर आभार व्यक्त किया और मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने किया चीनी व्यापारियों के स्टॉक का सत्यापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, जी0एस0टी0 विभाग के अधिकारी योगेश कुमार एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी शैलेश कुमार यादव द्वारा मोरगंज बाजार में चीनी के व्यापारियों के स्टॉक का आकस्मिक सत्यापन किया गया। मै0 सुरेन्द्र कुमार सतेन्द्र कुमार, मै0 मंगलम ट्रेडर्स, मै0 अरोरामल मदनलाल



एवं मै0 विरेन्द्र कुमार एण्ड सन्स आदि स्टॉक के सत्यापन तथा क्रय स्टॉक के बिल एवं विक्रय बिल में अंकित मूल्य का अवलोकन किया गया। सभी ट्रेडर्स के पास चीनी का स्टॉक लिमिट के अन्तर्गत पाया गया तथा कोई भी विचलन की स्थिति संज्ञान में नही आयी। सभी को निर्देशित किया गया कि चीनी की उपलब्धता बनाये रखें तथा जो भी रिटेलर आये उन्हे चीनी मांग के अनुरूप उपलब्ध कराये।

प्रभु श्री राम के आदर्श ही आदर्श समाज की नींव : संजय मिश्रा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। श्री आदर्श रामलीला, नई मंडी पटेल नगर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में संजय मिश्रा ने प्रभु श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण जी, श्री गणेश जी, श्री रामायण जी एवं श्री बांके बिहारी जी की पावन आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रभु श्री राम के जीवन, मर्यादा, त्याग, सत्य, धर्म एवं कर्तव्यनिष्ठा पर अपने विचार व्यक्त किए। संजय मिश्रा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का जीवन संपूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श है। उनके जीवन से हमें माता-पिता का सम्मान, परिवार के प्रति कर्तव्य, सत्य के मार्ग पर चलने, समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले चाचा अनिल ऐरण जी, जितेंद्र कुच्छल जी, सुरेंद्र मंगल जी, पियुष शर्मा जी, गौरव मित्तल जी, अमन कुमार जी, समस्त श्रद्धालुओं एवं रामलीला का मंचन करने वाले सभी कलाकारों का संजय मिश्रा ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी आयोजकों एवं सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग और समर्पण से ही ऐसे धार्मिक आयोजन सफल एवं यादगार बनते हैं। कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण रहा। सभी ने प्रभु श्री राम से समाज में सुख-शांति, समृद्धि, सद्भाव और भाईचारे की कामना की।

डीएम-एसएसपी ने बुढ़ाना तहसील में सुना जनता का दुख-दर्द, 43 शिकायतें आईं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय की अध्यक्षता में तहसील बुढ़ाना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में समाज कल्याण, चकबंदी, श्रम, विद्युत, भूमि विवाद, नगर पंचायत, राजस्व, पेंशन, सड़क और पुलिस प्रशासन से संबंधित कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।



इस दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों का समय के अंदर गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण कराएं। यदि किसी शिकायत का निस्तारण संभव नहीं है, तो शिकायतकर्ता को स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि छींए पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और मौके की फोटो लेकर शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए।

ऑपरेशन सवेरा के तहत सहारनपुर पुलिस का नशा तस्करों पर शिकंजा, 207 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ङ'ऑपरेशन सवेरा - नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर'ङ अभियान के तहत बेहट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चेकिंग के दौरान थाना बेहट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान शाकिर पुत्र असगर निवासी मोहल्ला इन्द्र कॉलोनी, थाना बेहट के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गांगरो नहर पुल से कुछ दूर पहले आम के बाग से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के कब्जे से 207 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। इस संबंध में थाना बेहट पर मु.अ.सं. 414/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना बेहट में करीब 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस उसके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक इन्द्रेश चौहान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

चिलकाना पुलिस ने 22 ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। थाना चिलकाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हिस्ट्रीशिटर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। आरोपी की पहचान फरीद उर्फ प्रिंस पुत्र नाजिम, निवासी गांव दुमझेड़ा के रूप में हुई है। थाना चिलकाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया की आरोपी को दूधगढ़ के जंगल से गिरफ्तार किया। बताया गया है कि गिरफ्तार आरोपी थाना चिलकाना का अभ्यस्त अपराधी है जो थाना चिलकाना का प्रचलित हिस्ट्रीशिटर है और उसके खिलाफ थाना चिलकाना पर डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद स्मैक को अपने कब्जे में लेकर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएएम इण्टर कॉलेज एवं जेवी जैन डिग्री कॉलेज में किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण

बीएलओ से एप के संबंध में ली जानकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में पंजीकरण छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा निर्वाचकों के नाम के नाम सम्मिलित किए जाने के सम्बन्ध में विशेष अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 अक्टूबर व 24 अक्टूबर को बूथों पर विशेष कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। मतदेय स्थल पर बूथ लेविल अधिकारी प्रातः 10 बजे से अपराहन 4 बजे तक बूथों पर रहेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा एस0ए0एम0 इण्टर कॉलेज एवं जे0वी0जैन डिग्री कॉलेज में चल रहे विशेष अभियान कार्यक्रम के तहत कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थित सभी बी0एल0ओ0 को निर्देशित किया कि किसी भी अर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में अंकित होने से न छूटे। उन्होने निर्देशित किया कि वह घर-घर जाकर अर्ह नागरिकों जिनके नाम निर्वाचक नामावली में नहीं हैं अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने हेतु प्रेरित करायें। जिलाधिकारी द्वारा जनसाधारण को अवगत कराया गया कि वह अपना नाम मतदाता सूची में जुडवाने हेतु फार्म 6 अपने बूथ पर बी0एल0ओ0 के पास जमा कर सकते है या व अपना फार्म 6 ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सहित सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

थाना गंगोह पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 1 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1अवैध चाकू बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना गंगोह पुलिस द्वारा चेकिंग व गस्त के दौरान 01 शातिर अभियुक्त गौरव पुत्र रोशनलाल निवासी ग्राम तित्तरवाडा थाना कैराना जनपद शामली को बुढढाखेडा मोड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना गंगोह पर मु0अ0सं0- 475/26 धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवसङ

जिलाधिकारी ने जन शिकायतों का कराया निस्तारण

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में जांच कर्ता अधिकारी यदि मौके पर उभयपक्षों की मौजूदगी में पूर्ण पारदर्शिता से शिकायत का निस्तारण करें तो अधिकांश शिकायतों का समाधान हो सकता है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान समेत आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व की 66, विकास की 03, पूर्ति की 03, पंचायती राज की 02, डूडा की 03, जिला विद्यालय निरीक्षक की 01, एसडीए की 01, लोक निर्माण विभाग की 03, नगर निगम की 03 कुल 85 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से राजस्व विभाग की 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सभी पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर विकास कुमार पांडेय, तहसीलदार सदर गौरव कुमार सहित सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सरदार पटेल इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग, 300 विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सरदार पटेल इंटर कॉलेज, पटनी में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्लोकल यूनिवर्सिटी के डॉ. सैयद कामरान अहमद डीन, कृषि एवं विज्ञान, कुंजल शर्मा मार्केटिंग मैनेजर और डॉ. गौरव असिस्टेंट प्रोफेसर ने करीब 300 छात्र-छात्राओं को करियर और उच्च शिक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। साथ ही विज्ञान, कला और वाणिज्य विषयों में आगे की पढ़ाई और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने करियर से जुड़े सवाल पूछे, जिनके विशेषज्ञों ने

